




बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 24 मार्च 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 8 | अंक - 55 | मूल्य - 5 रुपये














## मैंने कार्यकर्ताओं के लिए 35 करोड़ रुपये का कमीशन छोड़ा : शिवसेना विधायक गायकवाड़

बुलढाणा, (भाषा)।

***महाराष्ट्र के बुलढाणा से शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने यह दावा करके विवाद खड़ा कर दिया है कि उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के***

कल्याण के लिए '35 करोड़ रुपये का कमीशन' छोड़ दिया, जिसके कारण कई लोग साइकिल छोड़ फॉर्च्यूनर से चलने लगे हैं। गायकवाड़ विभिन्न दलों के 600 कार्यकर्ताओं के एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना में शामिल करने के लिए रविवार को चिखली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। खुद को एक प्रभावशाली विधायक बताते हुए गायकवाड़ ने कहा कि उन्होंने कभी भी अपनी ताकत का इस्तेमाल किसी को परेशान करने के लिए नहीं किया। उन्होंने कहा, ''मैं अपनी ताकत का उपयोग आम लोगों की मदद और पार्टी कार्यकर्ताओं को मजबूत बनाने के लिए करता हूं। जो कार्यकर्ता पहले मेरे साथ साइकिल पर चलते थे, वे अब फॉर्च्यूनर कार में चलते हैं। मैंने करीब 35 करोड़ रुपये का कमीशन छोड़ दिया। गायकवाड़ ने कार्यकर्ताओं से कहा कि उन्हें मजबूत बनना होगा, क्योंकि जब आप मजबूत होंगे, तभी मैं भी मजबूत बनूंगा।

# भारत चुनौतियों का कर रहा मुकाबला, विकास के प्रति कृत संकल्प: पीएम मोदी



नई दिल्ली, (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और चुनौतियों को टालने के बजाय उनका डटकर सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री ने 'टीवी9 नेटवर्क शिखर सम्मेलन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया कई गुटो में बंटी हुई है, भारत ने खाड़ी देशों से लेकर पश्चिम देशत तक और 'ग्लोबल साउथ' से लेकर अपने पड़ोसियों तक असाधारण सेतु का काम करने में सफलता हासिल की है।

'ग्लोबल साउथ' का इस्तेमाल दुनिया के विकासशील या कम विकसित देशों के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज भारत सभी के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत से दूर, दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध हो रहे हैं, लेकिन आज के परस्पर जुड़े परिवेश में, कोई भी देश उनके प्रतिकूल परिणामों से अछूता नहीं रह सकता है और कई देशों में स्थिति बिगड़ गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 23 दिनों में, जब से पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू हुआ है, भारत ने संबंध निर्माण, निर्णय लेने और संकट प्रबंधन में उल्लेखनीय क्षमता का प्रदर्शन किया है। मोदी ने कहा, ''कोविड-19 महामारी के बाद से चुनौतियां लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। ऐसा कोई वर्ष नहीं बीता जिसने भारत और भारतीयों की परीक्षा न ली हो। लेकिन 1.4 अरब भारतीयों के एकजुट प्रयासों से भारत हर आपदा का सामना करते हुए आगे बढ़ रहा है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और चुनौतियों को टालने के बजाय उनका डटकर सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, ''लोग अक्सर पूछते हैं कि हम किसके पक्ष में हैं। मेरा जवाब है कि हम भारत के साथ खड़े हैं। हम भारत के हितों के साथ खड़े हैं। हम शांति और संवाद के साथ खड़े हैं।''मोदी ने कहा कि इस समय दुनिया जिस गंभीर स्थिति से गुजर रही है, उसे देखते हुए यह बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि युद्ध की मौजूदा परिस्थितियों में भी, दुनिया भर के कई देश भारत की नीति और रणनीति तथा उसकी ताकत को देखकर आश्चर्यचकित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब दुनिया संघर्षों में उलझी हुई है और उनका प्रभाव विश्व भर में दिखाई दे रहा है, ऐसे में भारत और दुनिया पर चर्चा करना अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है। उन्होंने कहा, ''यह नया भारत है। यह विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। जिस चीज का मूल्यांकन किया जाता है, उसमें सुधार होता है और अंततः वह रूपांतरित हो जाती है।''मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन चुनौतियों के बीच, कुछ राजनीतिक दल स्वार्थ से प्रेरित होकर, राजनीतिक लाभ के लिए परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''सरकार के खिलाफविरोध प्रदर्शन करना एक मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार है। हालांकि, देश को ही बदनाम करना कांग्रेस के इरादों पर सवाल खड़े करते हैं।'' मोदी ने कहा कि जब विरोध प्रदर्शन इस हद तक बढ़ जाते हैं कि देश की उपलब्धियां भी असुविधा का कारण बन जाती हैं, तो यह केवल राजनीति का मामला नहीं रह जाता, बल्कि यह एक समस्याग्रस्त रवैये को दर्शाता है। पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि जब राजनीति में व्यक्तिगत हित हावी हो जाते हैं, तो लोग देश के भविष्य के बजाय अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

उन्होंने कहा, ''2004 से 2014 के बीच क्या हुआ? कांग्रेस शासन के दौरान, भारत को पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों से जुड़ी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा। कांग्रेस ने राष्ट्र कल्याण को प्राथमिकता देने के बजाय सत्ता बनाए रखने को प्राथमिकता दी।'' मोदी ने कहा कि उस समय सरकार ने 1.48 लाख करोड़ रुपये के तेल बांड जारी किए थे। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने स्वीकार किया था कि इस फैसले से आने वाली पीढ़ियों पर वित्तीय बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''यह जानते हुए भी कि तेल बांड का निर्णय गलत था, रिमोट से सरकार चला रहे लोगों ने अपनी सत्ता बचाने के लिए यह निर्णय लिया। चूंकि उस समय जवाबदेही तय नहीं थी, इसलिए उस बांड का भुगतान 2020 के बाद होना था।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले पांच-छह वर्षों में, राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार ने कांग्रेस सरकार के उस ''पाप को धोने'' के लिए काम किया है। उन्होंने कहा, ''और इस धुलाई का खर्च कम नहीं रहा है। आपने ऐसी धुलाई कहीं नहीं देखी होगी।'' प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी दल की राजनीति विकास का विरोध करने की रही है और ''गुजरात में मेरे कार्यकाल के दौरान से ही उनका यही निरंतर रवैया रहा है''। उन्होंने कहा,''गुजरात की जनता ने वर्षों तक हमें स्पष्ट जनादेश दिया, फिर भी कांग्रेस ने बार-बार जनता की इच्छा को मानने से इनकार किया।'' मोदी ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर भी ''विकास में बाधा डालने'' का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, ''एक समय पश्चिम बंगाल संस्कृति, शिक्षा, उद्योग और व्यापार का केंद्र हुआ करता था। पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के विकास में बड़ी राशि का निवेश किया है, लेकिन दुर्भाग्य से वहां ऐसी निर्दयी सरकार है जो विकास की राह में बाधा डाल रही है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि योजनाएं पहले भी बनाई गई थीं, लेकिन परिणाम आज दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ''पहले रफ्तार धीमी थी, आज भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। पहले संभावनाएं अंधकार में डूबी थीं। आज संकल्प उपलब्धियों में तब्दील हो रहे हैं।''






# कोलंबिया में मिलिट्री प्लेन क्रैश, 80 सैनिकों के मारे जाने की आशंका..



नई दिल्ली (भाषा)।

***कोलंबिया में एक मिलिट्री प्लेन के क्रैश होने से 80 सैनिकों के मारे जाने की आशंका है। यह प्लेन कुल 100 लोगों को ले जाने की क्षमता रखता था। न्यूज एजेंसी एएफपी के अनुसार प्लेन में 80 सैनिक सवार***

थे। हादसे में सभी के मारे जाने की आशंका है। मिलिट्री ने सोमवार को कहा कि देश के दक्षिणी हिस्से में एक ट्रांसपोर्ट प्लेन क्रैश में करीब 80 सैनिकों के मारे जाने की आशंका है। मिलिट्री से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट में दो प्लाटून (80 लोग) के होने की आशंका है, जो इक्वाडोर के साथ दक्षिणी बॉर्डर के पास प्यूर्टो लेगुइजामो से टेकऑफ करते समय क्रैश हो गया।

कई रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि 20 सैनिकों को बचाया गया है। हालांकि, इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। कोलंबिया के डिफेंस मिनिस्टर ने कहा कि सोमवार को एक बड़ा ट्रांसपोर्ट प्लेन टेकऑफ करते समय क्रैश हो गया, जिसमें कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। मिनिस्टर पेड्रो सांचेज ने दुख जताते हुए कहा कि एयर फोर्स का हरक्यूलिस प्लेन इक्वाडोर के साथ दक्षिणी बॉर्डर के पास प्यूर्टो लेगुइजामो से टेकऑफकरते समय क्रैश हो गया। स्टेट ब्रॉडकास्टर आरसीएम ने जंगल के एक खुले मैदान की तस्वीरें दिखाईं, जिनमें एक प्लेन बुरी तरह डैमेज दिखाई दे रहा था और फ्यूजलेज में आग लगी हुई थी। यह एयरक्राफ्ट आमतौर पर लगभग 100 सैनिकों को ले जा सकता है।

सांचेज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मिलिट्री यूनिट्स पहले से ही मौके पर हैं। हालांकि, मरने वालों की संख्या और क्रैश के कारणों की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है।÷ सांचेज ने कहा, ÷यह देश के लिए बहुत दर्दनाक घटना है। हमारी प्रार्थनाओं से कुछ हद तक सुकून मिले।

## निर्वाचन आयोग की टीम ने 151 करोड़ रुपये की नकदी और सामान जब्त किया

**चेन्नई, (भाषा)।** निर्वाचन आयोग की निगरानी और प्रवर्तन टीम ने तमिलनाडु में कुल 151.93 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, मादक पदार्थ और अन्य सामान जब्त किया। बताया गया कि तमिलनाडु में अवैध प्रलोभन दिए जाने की निगरानी करने और इसपर रोकथाम के लिए तैनात कई टीम ने 30.53 करोड़ रुपये नकद और 6.47 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए, साथ ही शराब की बोतलें, कीमती धातुएं और मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान जब्त किए गए।

## ईडी ने 'यूनाइटेड क्लब' में धोखाधड़ी मामले में 34.5 करोड़ की संपत्ति जब्त की..

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दक्षिण मुंबई के 'यूनाइटेड सर्विसेज क्लब' से जुड़े एक वित्तीय धोखाधड़ी मामले में लगभग 34.51 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया है। यह जानकारी सोमवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बर्नाडेट भरत वर्मा, उनके पति भरतकुमार शंकरलाल वर्मा और अन्य से जुड़ी 35 चल और अचल संपत्तियों के खिलाफयह कार्रवाई की गई है। मुंबई के कोलाबा इलाके में स्थित 'यूनाइटेड सर्विसेज क्लब' का प्रबंधन सेना, नौसेना और वायु सेना द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है। ईडी की जांच फरवरी 2025 में कफपरेड पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है। जांच में पता चला कि क्लब की उप सचिव (वित्त) के रूप में कार्यरत बर्नाडेट ने कथित तौर पर ''अपने पति के साथ मिलीभगत'' करके क्लब के असली विक्रेताओं के खातों से मिलते-जुलते कई ''फर्जी बैंक खाते'' खोले थे।












दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

# अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव का हुआ भव्य समापन..

## पावर स्ट्राइकर्स ने 8 विकेट से जीता फाइनल खिताब

जगप्रेरणा केवलारी (जिला सिवनी)।

***अंतरविभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव ईपीएल सीजन -2 उत्साह, रोमांच, आपसी सहयोग और खेल भावना के साथ संपन्न हो गया। 07 मार्च से प्रारंभ हुए इस भव्य आयोजन का समापन 22 मार्च की रात तालियों की गूंज***

और खिलाड़ियों के जोश के बीच अटल पेलेस में संपन्न हुआ, जिसमें फाइनल मुकाबले में पावर स्ट्राइकर एमपीईबी केवलारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

पूरे टूर्नामेंट के दौरान केवलारी का खेल मैदान हर रात रोशनी से जगमगाता रहा और दर्शकों की भारी भीड़ ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। फाइनल मुकाबला भी बेहद रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों पावर स्ट्राइकर और हेल्थ हिरोज ने जीत के लिए पूरा दमखम दिखाया, लेकिन अंततः पावर स्ट्राइकर ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

## इस आयोजन में कुल 10 विभागीय टीमों ने लिया था हिस्सा

क्रिकेट महोत्सव के आयोजन में राजस्व विभाग की रेवेन्यू रॉयल्स, शिक्षा विभाग की विद्या विक्टर्स और गुरुकुल जीटी 11, वन विभाग से ग्रीन वारियर्स, विद्युत विभाग की पावर स्ट्राइकर्स , पुलिस विभाग की सुपर कॉप्स, नगर परिषद की क्लीन हिटर्स, स्वास्थ्य विभाग की हेल्थ हिरोज, जनपद पंचायत की जनपद फाइटर और रेस्ट आफ डिपार्टमेंट की गेलेक्सी इलेवन ने भाग लिया। सभी टीमों ने न केवल मैदान में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, बल्कि आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण सहयोग भी प्रदान किया। पूरे प्रतियोगिता के दौरान विभागों के बीच आपसी समन्वय और भाईचारे का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। अधिकारी और कर्मचारी दिनभर की जिम्मेदारियों के बाद रात में एक साथ मैदान में खेलते और एक-दूसरे का उत्साहवर्धन करते नजर आए, जिससे यह आयोजन केवल खेल तक सीमित न रहकर एक सामाजिक समरसता का मंच बन गया।

आयोजन की सफलता में केवलारी एसडीएम महेश अग्रवाल, एसडीओपी आशीष भराड़े और सभी विभाग के विभाग प्रमुख के संरक्षण और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके निर्देशन में पूरे टूर्नामेंट का संचालन सुचारू रूप से हुआ और सक्रिय सहयोग देकर आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

मैच संचालन में अंपायरों ने निष्पक्ष निर्णयों से खेल की गरिमा बनाए रखी, वहीं ऑनलाइन और ऑफलाइन स्कोरिंग टीम प्रमुख राजा सुर्यवंशी ने प्रत्येक मैच का सटीक रिकॉर्ड प्रस्तुत किया। कमेंट्री टीम और यूट्यूब प्रसारण से जुड़े सदस्यों ने प्रतियोगिता को और अधिक आकर्षक बनाया, जिससे दूर-दराज के दर्शक भी इस आयोजन से जुड़े रहे।

## ढोल नगाड़े के साथ विजय जुलूस निकला

मैच समापन के पश्चात आमंत्रित सभी अतिथियों ने अपना-अपना वक्तव्य प्रस्तुत कर सफल आयोजन की बधाईयां दी। चैंपियंस ट्रॉफी वितरण के पश्चात ढोल नगाड़ा के साथ विजय जुलूस निकाला गया जो कि नगर भ्रमण करते हुए नाच गाने के साथ अटल पेलेस पंहुचा जंहा दोनों ही विजेता और उपविजेता टीम का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात सभी खिलाड़ियों को ट्राफी, आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे केवलारी में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने वाला एक ऐतिहासिक आयोजन बताया। इस प्रकार इस महोत्सव ने यह सिद्ध कर दिया कि जब सभी विभाग एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तो न केवल एक सफल आयोजन संभव होता है, बल्कि आपसी सहयोग, समन्वय, सामंजस्यता और भाईचारे की भावना भी और अधिक मजबूत होती है।







## अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव प्रशासनिक एकता और खेल भावना का प्रतीक - महेश अग्रवाल एसडीएम केवलारी

ईपीएल सीजन-2 को लेकर केवलारी एसडीएम महेश अग्रवाल ने कहा कि यह केवल क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं, बल्कि प्रशासनिक परिवार के बीच समन्वय और टीम भावना का शानदार उदाहरण है। इस प्रतियोगिता में हमारी ही हार हुई और हमारी ही जीत हुई है, क्योंकि हर खिलाड़ी अपना है। विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को खास बना दिया। उन्होंने कहा कि खेल में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना होती है। सभी ने पूरे आयोजन को स्पोर्टिंग स्पिरिट के साथ लिया। ऐसे आयोजन आपसी तालमेल और सहयोग को मजबूत करते हैं, जिसका सकारात्मक असर प्रशासनिक कार्यों में भी देखने को मिलता है। बारिश जैसी चुनौतियों के बावजूद आयोजन समिति ने बेहतर प्रबंधन का परिचय दिया।

आगामी सीजन को लेकर उन्होंने कहा कि ईपीएल को और बड़े स्तर पर आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा। सभी विभागों के बिच आपसी समन्वय ही इस आयोजन की असली पहचान है। यदि मेरा स्थानांतरण हो जाता है तब भी मैं आपके साथ रहूंगा।

## ईपीएल में कड़ी प्रतिस्पर्धा, सभी के सहयोग से सफल रहा आयोजन - आशीष भराड़े एसडीओपी केवलारी

अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव सीजन-2 के समापन अवसर पर केवलारी एसडीओपी आशीष भराड़े ने कहा कि हम शासकीय कर्मी है सबसे पहले हमारी ड्यूटी हमारा कर्तव्य सर्वप्रथम हैं और यह टूर्नामेंट केवल खेल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सभी विभागों के बीच समन्वय, सहयोग और टीम वर्क का शानदार उदाहरण है। उन्होंने बताया कि इस टुर्नामेंट को सफल बनाने में सभी का योगदान है। प्रतियोगिता काफी कड़ी रही और सभी टीमों ने अनुशासन, उत्साह और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। केवलारी के सभी जनमानस जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होंने पूरे आयोजन की सफलता का श्रेय सभी टीमों, अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और दर्शकों को दिया। एसडीओपी ने कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से ही यह आयोजन सफल हो पाया है और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। अंत में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी विश्वास, सहयोग, संस्कृति और संबंधों को मजबूत करते हैं तथा भविष्य में भी इस तरह के आयोजन और बड़े स्तर पर किए जाएंगे।

## ईपीएल की सफलता के पीछे का समर्पण

आयोजन अकेले व्यक्ति से सफल नहीं होते लेकिन आयोजन की शुरुआत में किसी एक व्यक्ति को पहल करनी पड़ती है। ऐसे ही ईपीएल सीजन-2 की शानदार सफलता के पीछे यदि किसी एक नाम को प्रमुखता से लिया जाए, तो वह है संतोष पाठक। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने जिस तरह से आयोजन की कमान संभाली, वह काबिले-तारीफ रही।

टूर्नामेंट की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करने से लेकर अंतिम मुकाबले तक हर छोटी-बड़ी व्यवस्था में उनकी सक्रिय भूमिका देखने को मिली। मैदान की तैयारियों से लेकर मैच शेड्यूल, टीम समन्वय, खिलाड़ियों की सुविधा और पूरे आयोजन को भव्य स्वरूप देने तक उन्होंने हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया। खास बात यह रही कि उन्होंने सभी विभागों, अधिकारियों, कर्मचारियों और खिलाड़ियों को एक साथ जोड़कर इस आयोजन को एक परिवार की तरह आगे बढ़ाया। उनके नेतृत्व और मेहनत का ही परिणाम है कि अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव सीजन-2 न केवल सफल रहा, बल्कि एक यादगार आयोजन बन गया।

## संतोष पाठक ने व्यक्त किया सभी का आभार

इपीएल सीजन-2 की सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे टीमवर्क और सहयोग का परिणाम है। मैं आयोजन समिति, सभी विभागों के अधिकारियों- कर्मचारियों, खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार साथियों, दर्शकों और केवलारी की जनता का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके सहयोग से यह आयोजन इतना भव्य और सफल हो पाया।

हम सभी ने मिलकर इस टूर्नामेंट को सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक पारिवारिक उत्सव के रूप में मनाया है। आगे भी हम इसी भावना के साथ और बेहतर आयोजन करने का प्रयास करेंगे। आप सभी का सहयोग और स्नेह ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसके लिए मैं पुनः सभी का हृदय से धन्यवाद करता हूँ।

# नगर कांग्रेस में वार्ड कमेटियो का गठन..






जगप्रेरणा सिवनी।

***प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, सिवनी नगर कांग्रेस में वार्ड कमेटियो के गठन के संबंध में गुरूनानक वार्ड क्रं 09 एवं मेजरध्यानचंद वार्ड क्रं 10 में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी एवं नगर कांग्रेस***

कमेटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई, जहॉ पर सर्वसम्मति से वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। गुरूनानक वार्ड क्रं 09 से वार्ड अध्यक्ष किशोर यादव, युवा कांग्रेस तनवीर, एनएसयुआई फरान मंसूरी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सौरंभ डेहरिया, पिछडा वर्ग बिलाल मंसूरी, अल्पसंख्य प्रकाष्ठ परवेज नूर, सोशल मीडिया कासिफ खान, बाल कांग्रेस फैजान राईन, कांग्रेस सेवादल सुदेश चैरसिया तथा प्रकार मेजरध्यानचंद वार्ड से वार्ड अध्यक्ष अदनान खान, महिला कांग्रेस कनीजा, युवा कांग्रेस उजैफ खान, पिछड़ा वर्ग जैद कुरैशी, अल्पसंख्य प्रकोष्ठ सुनील जेठानी, सोशल मीडिया ईशान खान, को वार्ड समिति में नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अतुल चंद मालू, सुरेन्द्र करोसिया, प्रकाशसिंह सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, राजिक अकील, खेलनसिंह राहंगडाले, किशोरी कुंजाम, धनंजय सिंह, जाहिद कुरैशी, इरशाद कादरी, गणेश वंशकार, अखिल कल्लू, इमरान मंसूरी, जीशान खान, आबिद हुसैन, कफिल खान, गनी खान की उपस्थिति रही।

# सिवनी पहुँचे संयुक्त आयुक्त अम्बरीश वैद्य का हुआ स्वागत

## कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



जगप्रेरणा सिवनी।

***सहकारिता विभाग के संयुक्त आयुक्त (जॉइंट कमिश्नर) अम्बरीश वैद्य के सिवनी आगमन पर म.प्र. सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ द्वारा सर्किट हाउस में उनका भव्य स्वागत किया गया।***

इस अवसर पर कर्मचारियों ने अपनी लंबित समस्याओं को लेकर संयुक्त आयुक्त से विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा।

## कर्मचारियों ने रखीं अपनी प्रमुख मांगें

महासंघ के मीडिया प्रभारी जोगेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्किट हाउस में आयोजित इस शिष्टाचार भेंट के दौरान कर्मचारियों ने विभाग में व्याप्त विभिन्न विसंगतियों, लंबित मांगों एवं समस्याओं से संयुक्त आयुक्त को अवगत कराया। कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि उच्च स्तर पर मामला पहुंचने के बाद उनकी समस्याओं का शीघ्र और सकारात्मक समाधान होगा।

## पदाधिकारियों की रही सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम के दौरान संगठन की एकजुटता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष बंशीलाल ठाकुर, संतकुमार राजपूत, गणेश सिंगौर, प्रदीप कुमार शर्मा, सुदामा भारद्वाज, शब्बू अंसारी, गिरधारी मोरे एवं बी.एल. पंचवाहे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संयुक्त आयुक्त अम्बरीश वैद्य ने सभी कर्मचारियों की बातों को गंभीरता से सुना और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# कांग्रेस जनों ने किया "सरदार पटेल एकता यात्रा" का स्वागत






जगप्रेरणा सिवनी।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राष्ट्रपिता पूज्य बापू महात्मा गांधी जी के भारत निर्माण की अवधारणा के प्रमुख सहयोगी स्वतंत्र भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री व गृहमंत्री भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा के महानायक लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने बारदोली सत्याग्रह 1928 में किसानों का सफल नेतृत्व किया, जिसके बाद उन्हें ''सरदार'' की उपाधि मिली, सरदार पटेल जी ने संविधान सभा की मौलिक अधिकारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, अखंड भारत के निर्माण में गांधी जी के सिद्धांतो एवं उनके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े, उन्होंने गांधी जी के असहयोगे आंदोलन, दांडी यात्रा (नमक सत्याग्रह) बारडोली सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन में अभूतपूर्व पर अमल करते हुये आजादी के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ मिलकर लगभग सभी 562 रियासतों को भारतीय गणराज में शामिल होने के लिए राजी कर लिया, नव स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय एकता के प्रति सरदार पटेल की प्रतिबद्धता ने उन्हें ''भारत का लौह पुरूष'' उपनाम दिलाया। देश की आने वाली नई पीढ़ी को उनके योगदान से परिचित कराने सरदार पटेल जी के जीवन से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रतीक चिन्ह स्मृतियॉ जैसे रजवाड़ा द्वारा सम्मान में दिया गया भेट ओरिजनल 3 किलो सोने का स्तंभ, उनकी चरण पादुका, पानी पीने का पात्र (लोटा), उनकी आवश्यक वस्तुओं का संदूक आदि प्रतीको को लेकर ''सरदार पटेल एकता यात्रा'' भारत भ्रमण पर गुजरात से प्रारंभ हुई है जो विभिन्न जिलो से होकर आज दिनांक 23 मार्च 2026 प्रातः 11 बजे सिवनी नगर की सीमा में प्रवेश हुई जैसे ही यात्रा नगर के कचहरी चैक रानी दुर्गावती प्रतिमा के सामने पंहुची, जहॉ पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के नेतृत्व में उपस्थित कांग्रेस जनों ने यात्रा का भव्य स्वागत कर सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी, प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल ने माल्यापर्ण किया एवं उपस्थित कांग्रेस जनों ने माल्यापर्ण कर पुष्पवर्षा की ओर सरदार पटेल अमर रहें के उत्घोष के साथ यात्रा में चल रहें अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया तथा पटेल जी के प्रतीक चिन्हों के दर्शन किये तत्पश्चात यात्रा अगले पड़ाव बालाघाट जिले की ओर प्रस्थान हुई।

यात्रा के स्वागत के पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरू एवं सुखदेव जी की पुण्यतिथि मनाई गई, सर्वप्रथम जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा शहीद महापुरूषों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यापर्ण किया गया, उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, तत्पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल ने भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव जी का राष्ट्र को समर्पित योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर प्रसन्नचंद मालू, मोहनसिंह चंदेल, मोहम्मद हनीफखान, अतुल चंद मालू, पवन दिवाकर, सुरेन्द्र करोसिया, शिवराम सनोडिया, घनश्याम सनोडिया, सुजीत नाहटा, विष्णु करोसिया, बहादुर पटेल, राजिक अकील, गंगाराम पटेल, राकेश सनोडिया, यशपाल भलावी, प्रकाश सूर्यवंशी, आजम दीवान अली, तनवीर अहमद, रनजीत यादव, जितेन्द्र सनोडिया, अशोक नरेती, उदयसिंह बघेल, आदित्य मोन्टू भूरा, धनंजयसिंह, नन्दू यादव, दयालुसिंह मरकाम, साजिद खान, अमन सोहेल खान, राजू सनोडिया बांधी, कमलेश सनोडिया, किशोरी कुंजाम, अशोक सिरसाम, सरदार पटेल, विनोद नामदेव, मोहन सिंह ठाकुर, खेलन सिंह राहंगडाले, श्रीमती आशा चंदेल, श्रीमती गीता ठाकुर, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, शिवदीप डेहरिया, ऋषभसिंह ठाकुर, प्रखर शर्मा, सरदार सिंह बघेल, अदनान खान, करीम शाह, गनाराम नरेती, अभिषेक डहेरिया, सतेन्द्र बघेल, राकेश, सुरेश सिंह सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# ज्योति नरेश सिंह राजपूत बनी महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री..



जगप्रेरणा सिवनी।

***भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश के प्रदेश नेतृत्व द्वारा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व के निर्वहन की जिम्मेदारी***

सिवनी जिले की बरघाट निवासी श्रीमति ज्योति सिंह राजपूत को सौंपी गयी है। प्रदेश अध्यक्ष भाजपा मध्यप्रदेश हेमंत खंडेलवाल, मोहन यादव (मुख्यमंत्री), अजय जामवाल, मनोरंजन मिश्रा की सहमति से महिला मोर्चा, प्रदेश अध्यक्ष, एड. श्रीमती अश्विनी परांजपे राजवाड़े द्वारा यह महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। छात्र जीवन से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कार्यकर्त्ता के रूप में, भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्त्ता के रूप में, सामाजिक कार्यकर्त्ता के रूप में संस्था द्वारा गोद लिये गये मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्राम पंढरापानी में आवष्यक सुविधाऐं उपलब्ध कराने हेतु निरंतर कार्य, मध्यप्रदेष जन अभियान परिषद अंतर्गत नवांकुर संस्था ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेषन में स्वयंसेवी के रूप में काउंसलर के रूप में, जिला प्रशासन सिवनी द्वारा जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में, शिक्षक प्रकोष्ठ अंतर्गत अपने दायित्व अंतर्गत जिले के समस्त 8 विकासखंड एवं बूथ स्तर पर इकाई का गठन, अपने कार्यकाल में 50 से अधिक कार्यक्रम, जिसमें प्रदेष स्तरीय कार्यक्रम भी षामिल हैं में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

वर्ष 2024-25 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता हेतु चलाये गये राष्ट्रव्यापी अभियान में सिवनी जिले में अपने पति नरेश सिंह राजपूत की 2630 की सदस्यता सहित व्यक्तिगत 230 सदस्य जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संगठन के निर्देशानुसार प्रदेश सहित अन्य प्रांतों के चुनावों में कार्य करने के अवसर भी मिले हैं। संगठन द्वारा समय-समय पर दी गयी जिम्मेदारियों का सफलतम निर्वहन किया।

अपनी इस नियुक्ति पर श्रीमति ज्योति नरेश सिंह राजपूत ने कहा कि-मुझे पर विश्वास व्यक्त कर इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए मैं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एड. श्रीमती अश्विनी परांजपे राजवाड़े के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करते हुए संगठन के मार्गदर्शन में, पार्टी की विचारधारा के अनुरूप, पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा, समर्पण एवं लगन के साथ कार्य करते हुए प्रदेश में महिला मोर्चा एवं संगठन को और अधिक सशक्त एवं संगठित बनाने का निरंतर प्रयास करेंगी।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433


पितृदोष, कालसर्प, ग्रहणयोग, विषयोग, राहू - केतु, अंगारकयोग, केमद्रमयोग, चाण्डालयोग, एवं अन्य ग्रहो की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, दसमहाविद्या यज्ञ, चण्डी अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
(एसोसिएट प्रोफेसर कामर्स, ज्योतिष पदमविभूषण बालाघाट म. प्र.)

ग्रहयोग भवन नर्मदा नगर, शिवमंदिर चौक ,बालाघाट
मो. 09425138638
09406738800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# कलेक्टर मृणाल मीना ने टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***23 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।***

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

## गेहूँ, चना एवं सरसों खरीदी हेतु आवश्यक तैयारियाँ करें पूर्ण..

बैठक में सर्वप्रथम समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना एवं भावांतर योजना में सरसो खरीदी के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए जिले में 13 केंद्र बनाये गए है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों का सत्यापन किया जा रहा है। भावांतर योजना में सरसो की खरीदी 01 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। जिले में सरसो विक्रय के लिए 2154 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इसमें से 1361 का सत्यापन किया जा चुका है। कलेक्टर श्री मीना ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ एवं चना तथा भावांतर योजना में सरसो खरीदी के लिए सभी आवश्यक तैयारियॉ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। सभी एसडीएम एवं मंडी सचिवों को निर्देशित किया गया कि सरसो की खरीदी करने वाले व्यापारियों की स्टॉक का सत्यापन करें और भावांतर योजना में सरसो की खरीदी के दौरान इस पर कडी निगरानी रखे।

## स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्य की पूर्ति करें..

बैठक में जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्य पूर्ति के लिए स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य गंभीरता से करें। स्वच्छता की रैंकिंग में गत वर्ष की तुलना में सुधार नही होने पर संबंधित सीएमओ के विरूद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी गई। जिला श्रम पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि श्रमयोगी मानधन योजना में श्रमिकों के पंजीयन का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करें।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आंगनवाडी केंद्रो में शौचालय निर्माण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराए। इस दौरान बताया गया कि जिले के 105 आंगनवाडी केंद्रो में शौचालय निर्माण का लक्ष्य दिया गया है और सभी के कार्य ग्राम पंचायत द्वारा चालू कर दिये गए है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को बालिका शौचालय के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्री को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति बढाने के निर्देश दिये गए।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव टीकाकरण के दिये निर्देश..

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित रूप से वाहनों की जांच का अभियान चलाए और बिना नंबर के बस, ट्रक या अन्य वाहन चलते पाये जाने पर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। सहायक संचालक उद्यान को निर्देशित किया गया कि जिले में मखाना की खेती के लिए चिन्हित किसानों को बीज उपलब्ध्य कराये और इस कार्य को प्राथमिकता से करें। जिले में सिंघाडे की अच्छी खेती को देखते हुए मखाना उत्पादन की भी अच्छी संभावना है।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा की योजना प्रस्तुत करने दिये निर्देश..

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चिन्हित विभागों को जल संरक्षण के कार्य निरंतर कराने के निर्देश दिये गए। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 24 मार्च को सभी विकासखंड में खण्ड स्तरीय शिविर लगाने के निर्देश दिये गए। बैठक में बताया गया कि जल संसाधन विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए 88 करोड रुपए का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इस प्रोजेक्ट में 57 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने इस प्रोजेक्ट की कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों में लापरवाही पर होगी कडी कार्यवाही

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। किसी भी अधिकारी की लापरवाही के कारण जिले की ग्रेडिंग प्रभावित नही होना चाहिए। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाये जाने पर लामता तहसीलदार का 03 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए।

कलेक्टर श्री मीना ने सख्त निर्देश दिये कि कोई भी शिकायत एल-1 स्तर के अधिकारी द्वारा नाट अटेंडेंट नही रहना चाहिए। यदि ऐसा पाया जाएगा तो उस अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण नही करने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने और उसके बाद उन पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये गए।

## बिना अनुमति के नहीं हो जिले में कहीं भी नलकूप खनन..

बैठक में सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में कहीं पर भी बिना अनुमति के नलकूप खनन का कार्य नही होना चाहिए। ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव भी इस बात का ध्यान रखे कि गांव में बिना अनुमति के नलकूप खनन का कार्य होने पर तत्काल इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दे।

# गैस संकट में नहीं रुकी सेवा - जिला अस्पताल की केंटीन ने लकड़ी की भट्टी से निकाला समाधान..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***समस्याएं अक्सर रास्ता रोकती हैं, लेकिन कुछ लोग इन्हीं समस्याओं में नया रास्ता खोज लेते हैं। ऐसा ही उदाहरण जिला चिकित्सालय बालाघाट की केंटीन ने पेश किया है,***

जहां रसोई गैस की कमी के बीच सेवा को जारी रखने के लिए एक अभिनव पहल की गई। जिला चिकित्सालय बालाघाट की केंटीन में गैस सिलेंडर की लगातार समस्या के चलते कई बार संचालन प्रभावित हुआ। हालात ऐसे बने कि केंटीन को 4-5 दिनों तक बंद रखना पड़ा। मरीजों और उनके परिजनों को होने वाली परेशानी को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप एवं सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन की सलाह पर केंटीन संचालक ने हार मानने के बजाय समाधान खोजने का निर्णय लिया।

## विकल्प बना समाधान

केंटीन संचालक ने वैकल्पिक ईंधन के रूप में लकड़ी की भट्टी तैयार कर ली। इस भट्टी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें कम से कम धुआं निकलता है, जिससे पर्यावरण पर भी न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। लकड़ी आसानी से उपलब्ध होने के कारण अब केंटीन का संचालन पहले से अधिक सुचारु हो गया है। साथ ही, गैस सिलेंडर की तुलना में खर्च भी कम आ रहा है, जिससे आर्थिक बचत भी हो रही है। केंटीन संचालन में हर माह लगभग 25 कमर्सियल गैस सिलेण्डर की खपत होती थी, लेकिन अब लकडी की भट्टी का उपयोग करने से उससे कम खर्च में काम चल रहा है और बचत भी हो रही है।

## मरीजों को बड़ी राहत

जिला अस्पताल में दूर-दराज से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए यह केंटीन बेहद महत्वपूर्ण सुविधा है। केंटीन के दोबारा नियमित रूप से शुरू होने से उन्हें समय पर भोजन और चाय-नाश्ता उपलब्ध हो पा रहा है।

## दूसरों के लिए बनी मिसाल

एक्सेंट कंसल्टिंग एंड केटरिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड भोपाल द्वारा संचालित इस केंटीन ने यह साबित कर दिया है कि संकट के समय रूकना नहीं, बल्कि समस्यास का समाधान करने विकल्प तलाशना जरूरी है। केंटीन संचालक की यह पहल अब अन्य होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों के लिए भी प्रेरणा बन रही है, जो गैस की समस्या के दौरान वैकल्पिक ईंधन अपनाकर अपने व्यवसाय को निरंतर चला सकते हैं। यह कहानी बताती है कि चुनौतियां चाहे कितनी भी बड़ी हों, यदि सोच सकारात्मक हो तो हर समस्या का समाधान संभव है।

# बालाघाट में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और भारत मुक्ति मोर्चा ने रैली निकालकर यूजीसी कानून, ओबीसी जनगणना की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन..

## ईवीएम बैन करने की भी कि मांग.. कहा- ओबीसी के साथ धोखा कर रही भाजपा..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***ओबीसी की जाति आधारित जनगणना कराने, एससी, एसटी और ओबीसी के समर्थन में सख्त यूजीसी कानून लागु करने और 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों***

को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त करने सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की गई है। 4 चरणों मे आयोजित इस आंदोलन के तीसरे चरण में सोमवार 23मार्च को पदाधिकारियों ने नगर के अंबेडकर चौक गार्डन में एक बैठक का आयोजन कर बड़ा आंदोलन करने की रणनीति बनाई,वही नगर में विरोध स्वरूप रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा है।

जिन्होंने मार्च माह में सम्पन्न हुए आंदोलन के 3 चरणो के बाद भी मांग पूरी ना होंने पर चौथे चरण के तहत 23 अप्रैल को भारत बंद आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।

## तीन चरण पूरे अब भारत बंद की तैयारी शुरू..

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और भारत मुक्ति मोर्चा पदाधिकारियो ने बताया कि वर्षो से लंबित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संगठन द्वारा चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया है।जिसके प्रथम चरण में शुक्रवार 6 मार्च को देश के सभी जिला मुख्यालयो में अपनी विभिन्न मांगो को लेकर संगठन कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा था, तो वही दूसरे चरण के तहत 13 मार्च को मुख्यालयो में धरना प्रदर्शन किया गया था।

इसपर भी बात ना बनने पर आज 23 मार्च सोमवार को रैली आंदोलन कर ज्ञापन सौपा गया है।यह रैली अंबेडकर चौक से कालीपुतली चौक वहां से बस स्टैंड अवंती बाई चौक से जिला अस्पताल होते हुए बिरसा मुंडा चौक वहां से जाए स्तंभ चौक होते हुए विधायक कार्यालय के सामने से डॉ विश्वेश्वरैया चौक, जहां से यहां रैली सीधे कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां पदाधिकारियो उक्त मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा है। इसके साथ ही चौथे चरण की तैयारी भी संगठनों द्वारा शुरू कर दी गई है। जिसके तहत पदाधिकारियो ने भारत बंद का आव्हान करते हुए, 23 अप्रैल को भारत बंद किए जाने की चेतावनी दी है।

## तो 23 अप्रैल को करेंगे भारत बंद आंदोलन- ठवकर

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान प्रदेश महासचिव रामदास ठवकर ने बताया कि संगठनो ने संयुक्त रूप से 6 मार्च से अपनी मांगो के समर्थन में राष्ट्रव्यापी आंदोलन का शंखनाद किया है। देश की भाजपा सरकार जनगणना में जाति आधारित जनगणना नहीं कर रही है, जिसमें ओबीसी की जाति आधारित जनगणना ना कराकर, भाजपा सरकार, ओबीसी के साथ धोखाधड़ी कर रही है। उन्होंने बताया कि जनगणना के कॉलम में ओबीसी जाति आधारित जनगणना का कालम नहीं है, जिससे देश में ओबीसी की संख्या कितनी है, यह पता नहीं चल पा रहा है। जबकि सरकार को चाहिए कि वह ओबीसी की जाति आधारित जनगणना कराए, ताकि देश में निवासरत ओबीसी की वास्तविक संख्या, जनगणना से साफहो सके।

उन्होंने बताया इसके अलावा संगठनो की मांग है कि एससी, एसटी और ओबीसी के समर्थन में सरकार यूजीसी बिल लागु करें और 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षको को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त किया जाए। इसके अलावा संगठनों द्वारा ईवीएम बैन की भी मांग की गई है ताकि सरकारी ईवीएम से ना चुनी जाए। हमारी मांग है कि आगामी समय में होने वाले सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं। ताकि जनता की सरकार बनाई जा सके। उन्होंने बताया कि आंदोलन के चौथे व अंतिम चरण के तहत 23 अप्रैल को भारत बंद किया जाएगा।

# जिला पंचायत सभागृह में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का हुआ आयोजन





जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मध्यप्रदेश गृह विभाग***

भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन में 23 मार्च को जिला पंचायत सभागृह बालाघाट में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, महाविद्यालय के प्रोफेसर, निजी विद्यालयों के प्रतिनिधि, पुलिस विभाग, अस्पतालों के प्रतिनिधि एवं ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकायों के अधिकारी सहित लगभग 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण डॉ. रूपम खरे, प्रोफेसर एवं नोडल अधिकारी, बालाघाट के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस दौरान श्रीमती प्रीति रजक, हवलदार अनुदेशक होमगार्ड एवं एस.डी.ई.आर.एफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आपदा का परिदृश्य एवं प्रबंधन, भूगर्भिक आपदाओं का परिचय, भूकंप के कारण एवं प्रभाव, भारत एवं मध्यप्रदेश का भूकंप प्रोफाइल, भूकंप प्रतिरोधी बुनियादी ढांचा, आपदा पूर्व तैयारी, समुदायों की भूमिका, क्या करें एवं क्या न करें जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। साथ ही भूकंप मॉक ड्रिल, खोज एवं बचाव, निकासी प्रक्रिया, चिकित्सा सहायता, हताहतों का सुरक्षित परिवहन एवं राहत शिविरों के प्रबंधन जैसे व्यावहारिक पहलुओं पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण टीम में एस.डी.ई.आर.एफ के सै.क्र. 17 करण सिंह वल्के, सै.क्र. 26 विशाल रजक एवं सै.क्र. 10 योगेश बघेल उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में आपदा संबंधी जागरूकता बढ़ाना एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर आपदा की स्थिति में प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

# युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, 25 मार्च को युवा संगम रोजगार मेले का होगा आयोजन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में 25 मार्च 2026 को 'युवा संगम रोजगार मेला एवं स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेला'

का आयोजन किया जाएगा। यह मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बालाघाट परिसर में आयोजित होगा। रोजगार मेले का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे से होगा, जिसमें जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस आयोजन में विभिन्न निजी कंपनियों, संस्थानों एवं उद्योगों द्वारा योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा, साथ ही अप्रेंटिसशिप के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। मेले में शामिल होने के इच्छुक आवेदकों से अपील की गई है कि वे अपने समस्त आवश्यक दस्तावेज जैसे शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं समग्र आईडी साथ लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों।

यह मेला युवाओं को रोजगार से जोडने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित किया जा सकेगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी पात्र अभ्यर्थियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

# आमानाला जलाशय में विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण, वन विभाग ने दी वन संरक्षण व मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व की जानकारी..



संजना मोनू बवे, जगप्रेरणा उकवा।

***वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य अंतर्गत आमानाला जलाशय क्षेत्र में उकवा विद्यालय के 56 छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन संरक्षण, जल संरक्षण, वन्यजीव प्रबंधन तथा संयुक्त वन प्रबंधन समितियों की गतिविधियों से अवगत कराना था।

भ्रमण के दौरान वन विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को जलाशय क्षेत्र, वन क्षेत्र एवं आसपास के प्राकृतिक स्थलों का अवलोकन कराया गया। इस अवसर पर छात्रों को ङ्कस्नक्कस्ष्ट/ष्ठस्नस्ष्ट/श्वष्ठष्ट्य/स्ातह्य के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों की सहभागिता से चल रहे वन संरक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को जंगल सफारी, प्रकृति अवलोकन एवं जंगल कैंप की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अध्ययन भ्रमण से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है।

इस दौरान मानव-वन्यजीव संघर्ष (॥ङ्खष्ट) के संबंध में भी विशेष जागरूकता दी गई। वन विभाग द्वारा बताया गया कि अतिसंवेदनशील ग्रामों में बैठक, स्कूल भ्रमण एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को सुरक्षा उपायों की जानकारी मिल सके।

श्रीमान मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट एवं श्रीमान वनमण्डलाधिकारी उत्तर बालाघाट सामान्य के निर्देशन में एवं श्रीमान उप वन मंडल अधिकारी महोदय उकवा सामान्य उपवनमंडल तथा

वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा सामान्य कु. प्रियंका मरकाम, वंक्षेत्रपाल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में श्री राजेंद्र गणवीर उपवनक्षेत्रपाल परिक्षेत्र सहायक उकवा, श्री संतोष कुमार गौतम, कार्यवाहक वनपाल परिक्षेत्र सहायक किनारदा, श्री बाजारीसिंह ठाकरे, श्री प्रकाश भलावी, श्री प्रशांत चौरसिया, श्री सचिन पदमें, श्री अरविंद कडुकर, श्री कमलेश मसराम, श्री नमन गुप्ता एवं श्रीमति सुनीता उइके वनरक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में सर्व धर्म सेवा समिति उकवा के अध्यक्ष श्री जेम्स बारिक, श्री नितिन कुमार, श्री अशोक राउत, कु. संजना बरवे सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वन विभाग ने बताया कि इस प्रकार के अध्ययन भ्रमण आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों, ग्राम वन समितियों, इको-डेवलपमेंट समितियों एवं स्व-सहायता समूहों को वन संरक्षण, पर्यावर ण संतुलन एवं आजीविका संवर्धन से जोड़ा जा सके।

# लालबर्रा क्षेत्र में अतिकुपोषित बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन





जगप्रेरणा लालबर्रा।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में अतिकुपोषित बच्चों की जांच कर उन्हें कुपोषण से मुक्त करने के लिए निरंतर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में 23 मार्च को महिला एवं***

बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से लालबर्रा विकासखंड अंतर्गत विभिन्न सेक्टरों में अतिकुपोषित (सैम एवं मेम) बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। सेक्टर मोहगांव ध में परियोजना अधिकारी श्रीमती रानू शिवहरे के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षक श्रीमती गीता पतले के निर्देशन में उप स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव ध में शिविर आयोजित हुआ। यहां सैम के 4 एवं मेम के 21 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयों जैसे अमॉक्सिसिलिन, मल्टीविटामिन, एलबेंडाजोल एवं आयरन सिरप का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. पंकज मेश्राम, आयुष विभाग से डॉ. तृप्ति पाठक, डॉ. श्रद्धा ठाकरे सहित स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा। इसी क्रम में सेक्टर अमोली में उप स्वास्थ्य केंद्र अमोली पर आयोजित शिविर में सैम के 5, मेम के 20, एसयूडब्ल्यू के 4 एवं सर्दी-बुखार से पीड़ित 3 बच्चों सहित कुल 32 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दवाइयों का वितरण सीएचएम श्रीमती साक्षी सोलंकी एवं आशा कार्यकर्ता कुसुम बसेने द्वारा किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई।

वहीं सेक्टर बिरसोला के उप स्वास्थ्य केंद्र नीलजी में आयोजित शिविर में सैम के 12, मेम के 32 एवं एसयूडब्ल्यू के 4 बच्चों सहित कुल 48 बच्चों का परीक्षण किया गया। आरबीएसके टीम के डॉ. मुकेश चौहान, डॉ. कामिनी लिलहारे, एएनएम कुसुम करवते, सीएचओ किरण तरवरे एवं आशा कार्यकर्ता गायत्री पंचेश्वर द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य अतिकुपोषित बच्चों की पहचान कर उनका समय पर उपचार सुनिश्चित करना तथा समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# प्राथमिक शाला सुंदरवाही के शिक्षक गोयल सिंह मरावी को किया गया निलंबित..

जगप्रेरणा बिरसा।

***सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बिरसा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सुंदरवाही (दमोह)***

के प्राथमिक शिक्षक श्री गोयल सिंह मरावी को अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ी, विकासखंड बैहर निर्धारित किया गया है।

बिरसा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सुंदरवाही (दमोह) के प्राथमिक शिक्षक गोयल सिंह मरावी द्वारा 23 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे कड़ी धूप में शाला के बच्चों से फावड़ा, घमेला से मिट्टी ढुलवाने का कार्य कराये जाने

का वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित किया गया था। प्रथम दृश्य शिक्षक का कृत्य अमानवीय और अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही भरा पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भांडामुर्री, जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट

क्रमांक /क्यू/2026 दिनांक 20.03.2025

**।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत भांडामुर्री में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा, पंच परमेश्वर,5 वां,14 वां व 15 वां वित्त आयोग,स्वकराधान मद,स्वच्छ भारत अभियान,विधायक-सांसद निधि,परफार्मेस ग्रांट फंड,स्टेशनरी क्रय सहित मरम्मत व पंचायत में विभिन्न योजनाओं के तहत् निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यों के लिए 28-3 -2026 को नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है,निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत भांडामुर्री में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें। सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्सर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, थर्माकॉल, रोलर, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, गद्दू(पेपर ब्लॉक), नल जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री,वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री, एसीसी एस्बेस्टस चादर (छत), पी.वी.सी पाइप 10 फीट, एंगल नट बोल्ट सहित, सेट्रिंग, तार, खीला, आईल, पेंट, दरी, आलमारी, कूलर, लैपटाप, कम्प्युटर सामग्री, टंकी, स्टेशनरी क्रय, नल-जल संधारण की सामग्री, पौधा क्रय, पंडाल व्यवस्था, मिष्ठान, जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्राली, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

सरपंच
छाया भाऊदास मेश्राम

सचिव
लिमेश्वरी कटरे

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत भांडामुर्री,
जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

# मनरेगा से बदली तस्वीर, खेत तालाब बना किसान के लिए वरदान



जगप्रेरणा बालाघाट।

***ग्रामीण विकास और किसानों की समृद्धि की दिशा में मनरेगा योजना एक बार फिर कारगर साबित हो रही है। जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कचेखनी के हितग्राही***

श्री भवनलाल/जिजोबा को मनरेगा के तहत खेत तालाब निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली, जिसने उनकी खेती और आय दोनों को नई दिशा दी है। इस तालाब निर्माण की कुल तकनीकी स्वीकृति 3.81 लाख रुपये की रही, जिसमें से लगभग 3.31 लाख रुपये व्यय किए गए। पहले जहां खेत में फसल पकने के बाद पानी की कमी के कारण परेशानी होती थी, वहीं अब यह तालाब सिंचाई का स्थायी स्रोत बन गया है। तालाब बनने के बाद हितग्राही ने अपने खेत में रबी फसल के साथ-साथ मछली पालन भी शुरू किया है। इससे उन्हें सालाना लगभग 1 से 1.5 लाख रुपये तक की अतिरिक्त आय प्राप्त होने की संभावना है। इस पहल से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि खेती को भी एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने में मदद मिली है। गांव के अन्य किसान भी इस मॉडल से प्रेरित होकर ऐसे कार्यों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। यह उदाहरण दर्शाता है कि मनरेगा के अंतर्गत बनाए गए खेत तालाब ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, सिंचाई सुविधा और आय वृद्धि का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं।

# ग्राम अमेडा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वृक्ष पूजन कार्यक्रम आयोजित..



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी विकासखंड के अंतिम सीमावर्ती ग्राम अमेडा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा वृक्ष पूजन एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों एवं बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में गांव के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वृक्षों की पूजा-अर्चना की। इस पहल के माध्यम से बच्चों में प्रकृति के प्रति सम्मान और संरक्षण का संस्कार विकसित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर गणेश लिल्हारे ने जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जल के महत्व एवं वृक्षों की पर्यावरण में भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से जल स्रोतों एवं वृक्षों के संरक्षण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष श्री सुभाष बसेना, श्री ललित मस्करे, श्रीमती सुषमा लिल्हारे, श्रीमती कलाबाई नगपुरे, श्री नागदेव कोरे, श्री राजकुमार मस्करे सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया गया।

# पीजी कॉलेज में रोजगार एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित






जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के अंग्रेजी विभाग द्वारा 'रोजगार और व्यक्तित्व विकास में अंग्रेजी की भूमिका' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।***

यह आयोजन शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर एवं प्रोफेसर डॉ. अमर सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने सफलता के मूल मंत्र, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास और रोजगार के अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने महाभारत के उदाहरण के माध्यम से अर्जुन की एकाग्रता को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। डॉ. अमर सिंह ने विद्यार्थियों को स्वाध्याय, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व को समझाते हुए बताया कि ये गुण जीवन में सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने अंग्रेजी विषय में उपलब्ध रोजगार के विभिन्न अवसरों जैसे अध्यापन, पत्रकारिता, अनुवाद और स्क्रिप्ट लेखन आदि क्षेत्रों की जानकारी भी दी। व्याख्यान के दौरान छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर उनके प्रश्नों के उत्तर दिए गए और उन्हें कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.एस. कातुलकर, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. ए.के. पंचारिया, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. तेजेंद्र सिंह शिव, सहायक प्राध्यापक डॉ. नालजी कुरैशी, ऋषभ भगत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए महाविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों को और सुदृढ़ किया गया।














दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# प्रतिबंध के बाद भी रेत की चोरी, वारासिवनी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील राणा का ट्रेक्टर पकड़ाया..

### क्या विधायक विवेक पटेल के संरक्षण में कर रहा था ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रेत चोरी..

### रामपायली पुलिस ने कर रही अवैध रेत उत्खनन मामले में जांच.. रेत चोरी में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को बचाने का किया गया प्रयास..



**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***बालाघाट जिले की राजनीति में विशेषकर वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र जिसके अंतर्गत कल कल करती नदियां बहा करती है, जहां से रेत का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से करते हुए इस रेत उत्खनन को करोड़ों की आमदनी का जरिया बताया जाता है,***

तथा एक तरफजहां रेत ठेके से विधिवत ठेका पद्धति पर आधारित रेत का उत्खनन किया जाता है, तो वहीं बिना ठेका पद्धति के भी तथाकथित अनेक राजनीतिक संरक्षणप्राप्त लोग नेताओं के संरक्षण में रेत का उत्खनन करते हैं, और इस स्थिति में राजनीतिक तौर पर रेत उत्खनन को लेकर जनता के बीच भ्रम फैलाने के लिये एक दुसरे पर अवैध रेत उत्खनन का आरोप भी लगाया जाता है।

जिले में वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में रेत एक तरफसरकार, ठेकेदार और छुटभैयों की कमाई का बड़ा जरिया है तो वहीं रेत मामले में बयानबाजी राजनीति का दूसरा हिस्सा है, लेकिन कहते हैं कि सच्चाई भी सामने आ ही जाती है, और ऐसी ही एक सच्चाई आज सामने आई कि जब विधायक विवेक पटेल के चहेते ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील राणा के ट्रेक्टर को अवैध रुप से रेत उत्खनन करने के लिये पकड़ा गया, और बताया जा रहा है कि विधायक विवेक पटेल ने प्रकरण नहीं बनाने के लिये पुलिस पर जमकर दबाव भी बनाया, लेकिन पुलिस तो प्रकरण बना चुकी थी, जिससे कि विधायक विवेक पटेल के प्रयास सफल नहीं हो पाए।

### क्या है मामला..

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 23 मार्च को रामपायली पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम कौलीवाडा की चंदन नदी से रेत उत्खनन कर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली पर पुलिस ने कार्यवाही की है, जो कि वारासिवनी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व कौलीवाड़ा सरपंच प्रतिनिधि सुनील राणा का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस मामले में जब पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई तो विधायक विवेक पटेल अपने ब्लॉक अध्यक्ष पर मामला दर्ज नहीं हो, इसके लिये थाने भी पहुंचे, लेकिन तब तक पुलिस कार्यवाही कर चुकी थी, तथा अब इस मामले में पुलिस जांच करने के बाद भी कुछ कहने की बात कह रही है।

### रेत उत्खनन पर प्रतिबंध तो फिर क्यों किया जा रहा था उत्खनन..

राजनीतिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबकि अब अवैध रेत उत्खनन के मामले में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का नाम सामने आ गया है, तो इस स्थिति में शासन की छुट की आड़ में कहानी बनाकर बच निकलने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही के लिये रेत का उत्खनन किया जा रहा था, और कुट रचित साक्ष्य के नाम पर बच निकलने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें आगे सच्चाई क्या सामने आयेगी यह देखने वाली बात होगी।

# अगरवाड़ा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन, विधायक गौरव सिंह पारधी ने किया उत्साहवर्धन







**जगप्रेरणा कटंगी।**

***कटंगी क्षेत्र के ग्राम अगरवाड़ा में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जय बजरंग क्लब के तत्वाधान में विशाल ग्राम स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।***

प्रतियोगिता का समापन समारोह 22 मार्च 2026 (रविवार) को उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक श्री गौरव सिंह पारधी रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉ. कमलेश राहंगडाले (सरपंच), महेश बोरकर (समाजसेवी) एवं मनीष चौकसे (पार्षद, कटंगी) उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में बाहकल, मानेगांव, सिवनी, खैरलांजी, एरवाटोला, दयदबरा, कटंगझरी, अगरवाड़ा, सेलवा, कामती, लालबर्रा, कोसमटोला, वरूड, कटेरा, चिखला, कटंगी एवं नंदलेसरा सहित आसपास के कई ग्रामों की टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कटंगझरी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 7001 रुपये का पुरस्कार जीता, जबकि अगरवाड़ा की टीम द्वितीय स्थान पर रही और कामती की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संयोजन कमल किशोर राऊत एवं सहसंयोजन भूपेंद्र डहरवाल द्वारा किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। साथ ही जिला खेल अधिकारी राहुल बरेसा एवं ब्लॉक युवा समन्वयक संतोष पारधी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। यह आयोजन क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

# वृद्ध चाचा पर भतीजे ने किया चाप से प्राणघाती हमला, गंभीर रूप से घायल..

### खैरलांजी थाना के ग्राम चिचोली का मामला



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***एक छत के नीचे निवास करने वाले दो भाइयों के परिवार में पुरानी रंजिश के चलते गत रात्रि में खूनी संघर्ष देखने को मिला।***

बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहे 66 वर्षीय वृद्ध टेकचंद पिता लक्ष्मीचंद झोड़े, चिचोली निवासी पर शराब के नशें में भतीजे ने धारदार औजार से जान से मारने की नियत से गर्दन पर हमला कर दिया, जिससे गहरा घाव होने से गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, जहां उपचार जारी हैं। वहीं, खैरलांजी पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया है।

जानकारी अनुसार, टेकचंद झोड़े और प्यारेलाल झोड़े दो भाई एक छत के नीचे निवास करते हैं। टेकचंद का पुत्र गोपाल झोड़े ग्राम पंचायत दिनेरा में सचिव के पद पर पदस्थ जो अपनी पत्नी के साथ वारासिवनी में निवास करता हैं वहीं प्यारेलाल झोड़े का पुत्र कृष्णा झोड़े गांव में मजदूरी करता हैं। टेकचंद झोड़े अपनी पत्नी के साथ चिचोली में रहकर खेती किसान का काम करते हैं। जानकारी अनुसार, 22 मार्च की देर शाम 7 बजे करीब टेकचंद झोड़े अपने घर में बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी उसका भतीजा कृष्णा पिता प्यारेलाल झोड़े, उम्र 30 वर्ष करीब ग्राम चिचोली निवासी ने धारदार औजार पटास (बढ़ाई का औजार) से गर्दन पर वार कर दिया। जिसके बाद और वार करता घायल वृद्ध टेकचंद ने उसका हाथ पकड़ लिया, जिसके बाद गंभीर रूप से घायल टेकचंद की पत्नी और पड़ोसी दौडे और बीच बचाव किया गया। जिसके बाद पुलिस 112 डॉयल कर पुलिस से संपर्क किया गया जहां से खैरलांजी अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल में रात्रि 11 बजे करीब भर्ती कराया गया है, जहां उपचार जारी हैं।

### घायन ने अस्पताल में दी मीडिया को जानकारी..

घायल टेकचंद झोड़े ने बताया कि बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहे थे तभी शराबी भतीजे कृष्णा ने चाप से गर्दन पर हमला कर दिया, दूसरा वार करता लेकिन उसका हाथ पकड़ लिया और बोल रहा था कि पहले मारा था, भतीजा मेरी जान ले लेता। उसके बाद उसके पिता प्यारेलाल झोड़े और उसकी मां भी मुझे जान से मारने के लिए आए थे। गर्दन में गहरा घाव हो गया है गनीमत रही कि गर्दन की कोई नश नहीं कटी नहीं हो मैं मर ही जाता। अभी टाके लगे हैं और जिला अस्पताल में उपचार जारी हैं।

### यह मामला किया गया दर्ज..

इधर, खैरलांजी पुलिस ने हत्या के प्रयास में आरोपी कृष्णा पिता प्यारेलाल झोड़े के खिलाफ बीएनएस धारा 109(1) और 331(2) के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार किया गया है। अब न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# अंसेरा में जल संरक्षण हेतु संगोष्ठी, 'एक-एक बूंद बचाने' की दिलाई शपथ





**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा वारासिवनी विकासखंड के अंसेरा ग्राम में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर संगोष्ठी और चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वैच्छिकता और सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अंसेरा एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (ष्टरू ष्टरुक्क) के छात्र-छात्राओं ने इसमें सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण को लेकर जनजागरूकता रैली भी निकाली गई और ग्रामीणों को पानी की एक-एक बूंद बचाने का संदेश दिया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि वर्तमान समय में जल का महत्व अत्यंत बढ़ गया है और यदि अभी से इसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए, तो भविष्य गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने ÷जल नहीं तो कल नहीं÷ का संदेश देते हुए सभी से जल बचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण के लिए छोटे-छोटे उपाय जैसे वाटर हार्वेस्टिंग, बोरी बंधान और सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर सामूहिक सहभागिता के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत, समिति के सचिव धनराज मरावी, कृष्ण कुमार बिसेन सहित सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह आयोजन जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

# जिले में अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई, 10 वाहन जब्त किये गये





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिला प्रशासन के निर्देश पर खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही। इस दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से कुल 10 वाहनों को जब्त किया गया है।***

उप संचालक खनिज सुश्री फ्रहत जहां ने बताया कि 21 मार्च 2026 को ग्राम भमोड़ी में जांच के दौरान बिना नंबर का एक पॉवरटेक ट्रैक्टर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया, जिसे जब्त कर कलेक्ट्रेट की खनिज शाखा कार्यालय में खड़ा कराया गया है। इसी प्रकार 23 मार्च 2026 को समनापुर में कार्रवाई के दौरान एक डंपर क्रमांक-॥-0987 को गिट्टी का अवैध परिवहन करते तथा एक ट्रैक्टर क्रमांक-स्ख्र50७-0486 को रेत का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया, जिन्हें जब्त किया गया है।

कटंगी तहसील के ग्राम बाहकल में खनिज विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़े गए, जिन्हें पुलिस थाना कटंगी की अभिरक्षा में रखा गया है। किरनापुर तहसील के ग्राम पौनी स्थित सोन नदी में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली को राजस्व अमले द्वारा जब्त किया गया है।

उप संचालक सुश्री फ्रहत जहां ने बताया कि इस प्रकार जिले में कुल 10 वाहनों पर कार्रवाई की गई है। संबंधित प्रकरणों में म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत नियम 3 का उल्लंघन पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफयह अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वारासिवनी नगर पालिका की करदाताओं से अपील, 31 मार्च तक जमा करें बकाया कर

**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को देखते हुए नगर पालिका वारासिवनी ने करदाताओं से 31 मार्च 2026 तक समस्त बकाया कर जमा करने की अपील की है।***

नगर पालिका द्वारा जारी सूचना के अनुसार शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, भवन-भूमि किराया सहित अन्य बकाया करों की वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बकायादारों को डिमांड नोटिस जारी किए जा चुके हैं तथा वार्डों में मुनादी के माध्यम से भी लोगों को समय सीमा में भुगतान करने की जानकारी दी जा रही है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सूर्यप्रकाश उके ने स्पष्ट किया है कि सभी करदाता 31 मार्च 2026 से पूर्व अपने बकाया करों का भुगतान कर दें। निर्धारित समय सीमा के बाद 1 अप्रैल 2026 से बकाया करों में दोगुनी वृद्धि की जाएगी। इसके साथ ही बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से प्रकाशित किए जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित करदाता की स्वयं होगी। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें और समय रहते अपने बकाया कर जमा कर नगर के विकास में सहयोग करें।


## ग्राम पंचायत परसवाड़ाघाट, कार्यालय ग्राम जनपद पंचायत कटंगी, जिला बालाघाट (म.प्र.)

साप्ताहिक बैठकी बाजार निलामी वर्ष 2026-2027

**।। बाजार निलामी सुचना ।।**

आम जनता को सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसवाड़ाघाट मेंबैठकी बाजार निलामी वर्ष 2026-27 हेतू पंचायत की शर्तो पर दिनांक 28/03/2026 दिन शनिवार समय दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत भवन परसवाड़ाघाट मे रखी गई है जिन्हे बोली लगाना हो वे ग्राम पंचायत भवन में उपस्थित होकर बोली लगावे । उचीत बोली नही लगने पर यह निलामी स्थगित कर दुसरी बोली आगामी दिन सोमवार दिनांक 30/03/2026 रखी जावेगी।

निलामी बोली की शर्ते निम्नप्रकार है

1. बाजार निलामी की अवधी एक वर्ष के लिये 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक । 2.बोली के पूर्व बोली बोलने वाले को अमानत राशी 2000 (दो हजार रूपये) जमा करना होगा । 3. जिस ठेकेदार पर बकाया राशी होगी उसे ठेके की बोली बोलने का अधिकार नही होगा । 4. बोली समाप्त होने पश्चात अमानत राशी को छोड़कर तंकाल आधी राशी जमा करना अनिवार्य है। 5.उचीत बोली लगने पर हि ठेका स्वीकृत किया जावेगा। 6.बोली लगाने वाले को परिचय पत्र एवं आधार कार्ड की छायप्रति अमानत राशी के साथ जमा करना होगा। 7.बोली जिसके नाम से छूटेगी उसे 100रूपये के स्टाम्प पेपर पर अभिस्वीकृत कर ग्राम पंचायत में एक सप्ताह में जमा करना होगा। 8.. अन्य शर्ते ग्राम पंचायत परसवाडाघाट में देखा जा सकेगा। 9. बोली संबंधी समस्त नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत के अधिन होगे।

बैठकी बाजार की शर्ते निम्नप्रकार है

1. बैठकी दुकानदार से माल कि स्थिती को देखकर 10,15,20.30 रूपये तक शुल्क लिया जावेगा। 2. समस्त शैर्तो का ठेकेदार के द्वारा पालन नही होने पर बगैर सूचना के ठेका निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी समस्त जवाबदारी ठेकेदार की होगी।

सरपंच
श्रीमति चन्द्रकला राजेन्द्र तांडेकर
ग्राम पंचायत परसवाडाघाट
9752559171

उपसरपंच
श्री जगदीश सवालाखे
ग्राम पंचायत परसवाडाघाट
मो. 9755430406

सचिव
श्री झनकलाल बिटले
ग्राम पंचायत परसवाडाघाट
8085043154

सहा. सचिव
श्री संजय लिल्हारे
ग्राम पंचायत परसवाडाघाट
8839483033

-- विनीत --
समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत परसवाड़ाघाट







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
रवि अजीत किरनापुर
मो. 6261142145

जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर
● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# कोटेश्वर महोत्सव में जारी है सांस्कृतिक सामाजिक गतिविधिया, 27 को होगा रंगारंग समापन..





**जगप्रेरणा लांजी।**

*धर्म नगरी लांजी के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में 18 मार्च से लेकर 27 मार्च तक विधायक राजकुमार कर्राहे एवं कोटेश्वर महोत्सव समिति के तत्वावधान में कोटेश्वर महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।*

जिसके अन्तर्गत विविध सांस्कृतिक गतिविधियों सहित खेल कुद के आयोजन समिति के द्वारा आयोजित करवाये जा रहे है। इसी कड़ी में 19 एवं 20 मार्च को कोटेश्वर महोत्सव के अन्तर्गत पंचायत स्तरीय पुरूष कबड्डी एवं जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिला स्तरीय महिला कबड्डी में 16 टीमों ने प्रतिभागिता की थी जिसमें प्रथम परसवाड़ा, द्वितीय वारासिवनी, तृतीय पौण्डी बैहर तथा चतुर्थ स्थान सिकन्दरा वारासिवनी ने हासिल किया। सभी विजेताओं को नगद राशि एवं मोमेन्टो भेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को भी मोमेन्टो भेंट किया गया। इसी कड़ी में पंचायत स्तरीय कबड्डी पुरूष वर्ग में लांजी प्रथम, द्वितीय घोटी, तृतीय बडग़ांव क, चतुर्थ सर्रा टीम रही है जिन्हे भी निर्धारित नगद राशि एवं मोमेन्टो भेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही इस वर्ग मे 24 टीमों ने प्रतिभागिता की थी जिन्हे भी मोमेन्टो भेंट कर विधायक कर्राहे के द्वारा सम्मानित किया गया।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का लिया आनंद

कोटेश्वर महोत्सव के अन्तर्गत प्रतिवर्ष एक विराट कवि सम्मेलन आयोजन समिति के द्वारा करवाया जाता है जो कि इस वर्ष भी महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित किया गया। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में भारत के सुप्रसिद्ध कवियों ने शिरकत की जिनमें सुनील समैया कवि ओज एवं हास्य मंच संचालक, कवि कुंवर जावेद अंतराष्ट्रीय शायर गीतकार कोटा राजस्थान, दिनेश देशी घी लाफ्टर मिमीक्री हास्य कवि उज्जैन, लक्ष्मण नेपाली लॉफ्टर फेम काठमांडू, श्रद्धा शौर्य कवित्री ओज एवं श्रृंगार नागपूर महाराष्ट्र, मुकेश चिराग हास्य कवि हरदा मध्यप्रदेश जिनके द्वारा एक से बढकर एक काव्य पाठ किये जाकर अपनी ओजस्वी,ख्हास्य वाणियो से जनता को आनंद दिलवाया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ विधायक राजकुमार कर्राहे, श्रीमती लता एलकर के द्वारा माता सरस्वती जी, कोटेश्वर महादेव की पूजा अर्चना के साथ की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में आमंत्रित अतिथि गण एवं क्षेत्र की जनता उपस्थित रही।

## 22 मार्च को स्वास्थ्य शिविर एवं रोजगार मेले का आयोजन

कोटेश्वर महोत्सव के अन्तर्गत 22 मार्च को विधायक राजकुमार कर्राहे एवं कोटेश्वर महोत्सव समिति के द्वारा मेडिकल एसोसिएशन लांजी के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 350 लोगो ने अपने स्वास्थ्य जांच कराई गई। बतादे कि इस स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख रूप से डॉ अक्षय उपराड़े बीएमओ सिविल अस्पताल लांजी, डॉ स्वेतल माहुले स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ राजू माहुले पेट रोग विशेषज्ञ, डॉ अंकित खरोले नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ अजीत गणवीर हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ शुभम पटले हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ अंकित तुरकर मेडिकल ऑफिसर, डॉ राजेश रणदिवे अध्यक्ष मेडिकल एसोसिएशन लांजी, डा किशोर सोनवाने, डॉ नरेन्द्र मेहरबान, डा ललित विजयवार, डॉ प्रकाश नगपुरे, डॉ ललित बुराडे, डॉ आरिफ नाजमी, डॉ आरपी ऐडे, डॉ सुचीता ऐडे, डॉ देवेश ऐडे, डॉ मिथलेश रामटेके, डॉ राकेश दहीकर, डॉ संतोष रतोने, डॉ ओपी नेवारे तथा लांजी मेडिकल एसोसिऐशन के अन्य चिकित्सको तथा शैल श्री पैरामेडिकल संस्थान के प्रशिक्षण कर्ता एवं स्टाफके द्वारा भी उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया इस दौरान संस्थान के संचालक उज्जवल श्रीवास्तव एवं प्रिया श्रीवास्तव भी उपस्थित रही। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क पैथॉलाजी सहित अन्य जांच मरीजो की गई तथा उन्हे दवाईयॉ भी ऊपलब्ध कराया जाकर उनके स्वास्थ्य संबधी आवश्यक दिशा निर्देश उपचार प्रदान डाक्टर्स एवं स्टाफके द्वारा किया गया।

इसके साथ ही समिति के द्वारा रोजगार मेले हेतु भी पंजीयन कर आवश्यक जानकारी युवाओं को उनके रोजगार से संबधी उपलब्ध कराई गई जिसमें लगभग 100 से अधिक युवक युवतियों ने रोजगार मेले में पंजीयन कराया गया। इस अवसर पर विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि स्वस्थ लांजी समृद्ध लांजी के संकल्प के साथ युवाओं को बेहतर रोजगार एवं बुजूर्गो को उपचार पंहुचाना ही हमारा लक्ष्य है मुख्य ध्येय है। इस सफल आयोजन के लिये आपने सभी डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ पैरामेडिकल संस्थान, समस्त स्वास्थ्य के संबधित संस्थान, आशा कार्यकर्ता, सहित मेडिकल एसोसिऐशन लांजी तथा समस्त सहयोगी जनों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद प्रेषित किया तथा आगे भी लगातार स्वास्थ्य शिविर एवं रोजगार मेले के आयोजन किये जाने बात कही।

# सोन नदी में अवैध रेत खनन मामले में 3 ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त, किरनापुर राजस्व विभाग की कार्यवाही

## लांजी पुलिस थाने में अभिरक्षा में रखा





**जगप्रेरणा लांजी।**

*लांजी क्षेत्र में इन दिनों एनजीटी के रेत खनन पर रोक के बावजुद भी धडल्ले से रेत माफियाओं के द्वारा रेत का खनन एवं परिवहन किया जा रहा है जिस पर किरनापुर राजस्व अमले ने कार्यवाही करते हुये रेत से*

भरी तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जप्त पुलिस थाना लांजी में अभिरक्षा में खड़ा किया जाकर कार्यवाही की जा रही है। इस संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह लगभग 7 बजे किरनापुर राजस्व विभाग के दल ने पौनी सोननदी से रेत का अवैध परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की।

किरनापुर नायब तहसीलदार सुश्री बबीता सूर्या ने बताया विभाग को जानकारी मिली थी कि अवैध रूप से किरनापुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पौनी सोन नदी घाट से रेत निकालकर उसका परिवहन किया जा रहा है। इस जानकारी के अनुसार सुबह विभागीय दल पौनी घाट पहुंचा। जहां पहुंच कर देखा गया तो सोन नदी से ट्रैक्टरों में रेत भ्भरी जा रही थी उन ट्रैक्टर को जब्त किया। इसके बाद अवैध रेत परिवहन कर रहे 3 ट्रैक्टरों को अभिरक्षा में लेकर पुलिस थाना लांजी पंहुचाया गया, उन्होंने बताया तीनो ट्रैक्टरों पर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई कर कार्यालय कलेक्टर के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा।

एनजीटी के आदेश पर आगामी आदेश तक रेत खनन पर रोक है। किरनापुर के आसपास से लगे नदी घाटों से क्षेत्रों में चल रहे अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध रेत परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु लगातार कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्यवाही में किरनापुर राजस्व एवं पुलिस अमला शामिल रहा।

## बोले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकाश अग्रवाल..

उक्त कार्यवाही को लेकर किरनापुर एसडीएम आकाश अग्रवाल ने कहा कि निरंतर रेत के अवैध उत्खन्न एवं परिवहन को लेकर लगातार शिकायते आ रही है जिसकों लेकर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग कि संयुक्त टीम ने पौनी नदी पहूंचकर कार्यवाही कि गई जिसमे रेत से भरे 3 ट्रेक्टर बरामद किये गए। संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर बालाघाट को सौंपा जाकर खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावेगी।

# किरनापुर तहसील के बेनेगांव पहाड़ी में स्थित गहरी एवं खुली गिट्टी खदान से ग्रामीणों में दहशत

## ग्रामीण एवं मवेशीयो के लिए मौत का कुआं बनी गिट्टी खदान..





**जगप्रेरणा किरनापुर।**

तहसील के अंतर्गत आने वाले बेनेगाँव पहाड़ी में स्थित गिट्टी खदान इस समय ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। पहाड़ी पर संचालित इस खदान की गहराई इतनी ज़्यादा हो चुकी है कि यहाँ कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

## प्राप्त जानकारी अनुसार रजेगांव बालाघाट नेशनल हाईवे सड़क निर्माण कंस्ट्रक्शन कंपनी

केसीपीएल के द्वारा एन एच ए आई रजेगांव बालाघाट सड़क निर्माण हेतु किरनापुर तहसील के बेनेगांव पहाड़ी में गिट्टी खदान एवं पर स्टोन क्रशर संचालित किया गया था किंतु सड़क निर्माण कार्य खत्म होने के पश्चात् कालूवाला कंस्ट्रक्शन कंपनी ने जमकर गिट्टी का खनन किया और सड़क निर्माण कार्य करवाया। अत्यधिक गहरी खदान बनाकर बिना सुरक्षा के खुली छोड़ दिया अपनी क्रेसर मशीन भी लेकर चला गया। लोगों के लिए मौत का गढ़ढा बनाकर छोड़ दिया है। जान का खतराः खदान की गहराई बढ़ने से आस-पास के क्षेत्रों में भू-धंसाव और अचानक गिरने का डर बना रहता है।

## सुरक्षा घेरे का अभाव ..

ग्रामीणों का कहना है कि खदान के चारों ओर कोई पुख्ता बाउंड्री या चेतावनी बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे मवेशियों और बच्चों के गिरने का खतरा हर वक्त बना रहता है। नियमों की अनदेखीः आरोप है कि तय सीमा से अधिक गहराई तक उत्खनन किया गया है जो पर्यावरण और सुरक्षा दोनों के लिहाज़ से खतरनाक है। खदान इतनी गहरी हो गई है कि नीचे देखने पर भी डर लगता है। हमारे मवेशी अक्सर इधर-उधर भटक जाते हैं, और हमें डर है कि कहीं कोई बच्चा खेलते हुए इस गहरे गड्ढे में न गिर जाए। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए जिला प्रशासन और खनिज विभाग से मांग की है कि इस खदान का तत्काल निरीक्षण किया जाए और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यहाँ किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना घट सकती है।



## बोली गिरजा बाई..

गिरजा बाई ने बताया कि बेनेगांव पहाड़ी से कुछ दूरी पर मेरा ग्राम भुतहाटोला है मैं प्रतिदिन अपनी 10 बकरियों को लेकर यहां चराने आती है यह खदान बहुत ज्यादा गहरी है मेरी बकरियां खदान के आजू-बाजू चरती है किंतु ऊपर से अगर बकरी खदान में गिरेगी तो वह बच नहीं पाएगी क्या खदान का मालिक मेरी बकरीयो की जान की रक्षा करेगा। वह तो मौत का गड्ढा बना कर चला गया है। और उन्होंने यह भी बताया कि जब यहां काम चलता था तो खदान के नीचे देखने पर डंपर गाड़ियां मशीन छोटी-छोटी दिखाई देती थी। खदान के आजू-बाजू किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं है

# आमगांव में 27 से भव्य सात दिवसीय श्री राम कथा ज्ञानयज्ञ




**जगप्रेरणा लांजी।**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) की नागपुर शाखा एवं गोंदिया व आमगांव परिवार द्वारा आमगांव में एक भव्य सात दिवसीय श्री राम कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

यह पावन आयोजन लांजी रोड, आमगांव, जिला गोंदिया में 27 मार्च 2026 से 02 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलेगा।कथा का दिव्य वाचन सुश्री पद्महस्ता भारती जी (परम पूज्य दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या) द्वारा किया जाएगा।

संस्थान के अनुसार, श्री राम का जन्म और उनकी लीलाएँ दोनों ही दिव्य हैं। श्री राम अनादि हैं, जो सृष्टि के प्रत्येक कण में रमण करते हैं और हर जीव के प्राणाधार हैं। इस ज्ञानयज्ञ में भक्तजनों को श्री राम कथामृत के माध्यम से इन दिव्य रहस्यों का उद्घाटन होगा। विभिन्न प्रसंगों, भजनों के साथ-साथ आध्यात्मिक मूल्यों की सरल विवेचना और धर्म के गूढ़ रहस्यों को समझने का अनुपम अवसर मिलेगा। यह कथा परम आनंद प्रदान करने वाली होगी।

आयोजन की शुरुआत मंगल कलश यात्रा से होगी, जो 26 मार्च 2026 को प्रातः 9 बजे से शुभारंभ होगी। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम, नागपुर एवं दिव्य ज्योति परिवार आमगांव, गोंदिया ने इस भक्ति और ज्ञान के महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की। आयोजकों ने कार्यक्रम को दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करके कथा का आनंद ऑनलाइन भी ले सकते हैं।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

ग्राम पंचायत लाड़सा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 23/03/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लाड़सा जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 24/03/2026 से 30/03/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

सरपंच श्रीमती गीता श्याम कालबेले — उपसरपंच श्री राधेश्याम नखाते, — सचिव श्री रमेश कुमार लिल्हारे

सहा. सचिव श्री विजय नखाते एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत लाड़सा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

ग्राम पंचायत साड़रा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 23/03/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत साड़रा जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे मनरेगा योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 24/03/2026 से 30/03/2026 तक मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्रीमती लता लक्ष्मीप्रसाद बिल्हारे — उपसरपंच चंद्रशेखर जामुरे — सचिव खुमेन्द परते

सहायक सचिव सतीश मेश्राम एवं समस्त पंच गण ग्राम पंचायत साड़रा जनपद पंचायत लांजी।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

# किरनापुर में अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त..






**जगप्रेरणा किरनापुर।**

बालाघाट जिले की किरनापुर तहसील में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 मार्च को पौनी स्थित सोन नदी घाट पर नायब तहसीलदार सुश्री बबिता सूर्या के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध रूप से रेत उत्खनन करते हुए 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं, जिन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया।

प्रशासन द्वारा संबंधित प्रकरण में मध्यप्रदेश खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त वाहनों के खिलाफ नियमानुसार आगे की कार्रवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

मराठा स्पोर्ट्स
9284744867
9112026507
7006748047
• T-shirt
• Lower
• Short
• Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकड़े सालेकसा
मो. 9049200353

# गोंदिया की बुद्धीमत्ता का डंका 'पुणे' में बजा, राज्य स्तर पर विनर एग्जाम में चमके जिले के 5 'रत्न'

## 29 मार्च को पुणे के माडगुलकर थिएटर में होगा शाही सम्मान समारोह..









**जगप्रेरणा आमगांव।**

***जिले की शिक्षा शान में चार चांद लगाते हुए, जिले के पांच टैलेंटेड स्टूडेंट्स ने राज्य स्तर पर 'आई एम विनर' और 'विनर ऑफ द ईयर' स्पर्धा परीक्षा में शानदार कामयाबी हासिल की है। इन छात्रो ने ध्येय एजुकेशन फाउंडेशन और ध्येय प्रकाशन एकेडमी, महाराष्ट्र द्वारा आयोजित इस मुश्किल परीक्षा में राज्य स्तर की मेरिट लिस्ट में जगह बनाकर***

जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस कामयाबी के शिखर पर पहुंचने वाले इन मेधावी छात्रो और उनके पीछे मजबूती से खड़े माता-पिता को 29 मार्च को पुणे में सम्मानित किया जाएगा। यह परीक्षा हर साल छात्रो को शालेय शिक्षा से ही स्पर्धा परीक्षा से परिचय कराने, उनके डर को दूर करने और उन्हें नवोदय, सैनिक स्कूल और स्कॉलरशिप परीक्षा के लिए तैयार करने के नेक मकसद से आयोजित किया जाता है। इस साल, गोंदिया जिले से करीब 1800 छात्रो ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया था। 5 जनवरी और 1 मार्च को हुए इस परीक्षा में छात्रो ने मराठी, गणित, इंग्लिश और इंटेलिजेंस जैसे मुश्किल विषय पर आधारित सवालों का आत्मविश्वास के साथ सामना किया और यह कामयाबी हासिल की।

### ये हैं गोंदिया के 'स्टेट लेवल' अवॉर्डी..

इस कामयाबी ने जिले का मान बढ़ाया है, और स्टेट लेवल पर चमकने वाले स्टूडेंट्स के नाम इस तरह हैं। 1) आई. एम. विजेता परीक्षा। सुश्री श्रावणी संजय टेंभरे (कक्षा 10): शारदा कॉन्वेंट इंग्लिश हाई स्कूल, गोंदिया – (राज्य रैंक 2)। सुश्री निराली मनीष चापले (कक्षा 5): पीएमश्री रानी अवंतीबाई एन.पी. स्कूल, लोधीटोला तिरोड़ा – (राज्य रैंक 4)। 2) वर्ष की परीक्षा विजेता - सुश्री निराली मनीष चापले (कक्षा 5): पीएमश्री रानी अवंतीबाई एन.पी. स्कूल, लोधीटोला तिरोदा – (स्टेट रैंक 1 - गोल्ड अचीवमेंट)। फर्स्ट हाफ वशिष्ठ खोबरागड़े (क्लास 7): इंदिराबेन हरिहरभाई पटेल प्रो. स्कूल, कुडवा, गोंदिया – (स्टेट रैंक 3)। लक्ष हुमेंद्रकुमार खोटेले (क्लास 7): इंदिराबेन हरिहरभाई पटेल प्रो. स्कूल, कुडवा, गोंदिया – (स्टेट रैंक 3)।

### पुणे के कल्चरल स्टेज पर पंजाब का जलवा..

29 मार्च को जी. डी. इन स्टूडेंट्स को पुणे के निगडी में मडगुलकर थिएटर में एक बड़े समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी ध्येय एजुकेशन फाउंडेशन के गोंदिया जिला प्रमुख वशिष्ठ खोबरागड़े ने दी, जबकि फाउंडेशन के फाउंडर सुदाम शेंडगे ने सभी सफल स्टूडेंट्स को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल की किताबों से आगे बढ़कर स्पर्धा परीक्षा दुनिया की चुनौती को स्वीकार करने वाले इन छात्रो की सफलता शिक्षक पालक और छात्रो के त्रिवेणी संगम की जीत है। हमें यकीन है कि गोंदिया की मिट्टी के ये हीरे कल के आईएएस और आईपीएस ऑफिसर बन सकेंगे।

बाम्हणी ग्राम पंचायत में घोटाले का धमाका..

# 11.37 लाख रुपये की हेराफेरी का खुलासा, लेकिन सच ओके की मुहर लगाकर दबा दिया गया? आरोप..

## घटिया कामों को 'सार्थक' बचाव; पीडब्लुडी का अहवाल गायब, लघु पाटबंधारे विभाग के आदेश का उल्लंघन;

## असली घोटाला 15 गुना बड़ा होने का शक..




**जगप्रेरणा आमगांव।**

***तहसील के बाम्हणी ग्राम पंचायत में विकास कामों के नाम पर सरकारी खजाने को लूटने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हालांकि गटविकास अधिकारियों द्वारा सौंपी गई अहवाल में 11 लाख 37 हजार रुपये के गबन की बात मानी गई है, लेकिन गांववालों ने गुस्से में आरोप लगाया है कि यह आंकड़ा सिर्फ 'आंख में धूल झोंकने वाला' है।***

प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बेहद घटिया, घटिया और गैर-कानूनी कामों को एक साधारण 'ओके' देकर भ्रष्टाचार को सरकारी बचाव देने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, और अब इस मामले की सुनवाई राज्य स्तर पर होने के संकेत हैं। शिकायतकर्ता की लड़ाई : 'पी.जी. पोर्टल' पर प्रशासन का 'डांट' का खेल! : जागरूक नागरिक छगनलाल भेंदे ने 20 जून 2025 को 'पी.जी. पोर्टल' पर इस बड़े घोटाले की शिकायत की थी। हालांकि, भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं, यह तब स्पष्ट हो गया जब इस शिकायत को बिना किसी जांच के आपसी सहमति से 'बंद' कर दिया गया। भेंदे द्वारा हार न मानने पर अपील करने के बाद शिकायत को फिर से 'री-ओपन' किया गया। उल्लेखनीय है कि जांच अहवाल, जो 7 दिनों में आने की उम्मीद थी, दो महीने तक देरी से आई। 16 मार्च को 'समय लगेगा' कहने वाला प्रशासन 17 मार्च को अखबार में खबर प्रकाशित होते ही झटके से जागा और जल्दबाजी में पी.जी. पर 'आधी-अधूरी' रिपोर्ट पेश करके अपनी खाल बचाने की कोशिश की। पोर्टल 20 मार्च। अहवाल गायब और आदेशों की खुली अनदेखी। जांच कमेटी की क्रेडिबिलिटी पर अब बड़ा सवालिया निशान लग गया है?

### पीडब्ल्यूडी रिपोर्ट गायब..

पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (जिला पश्चिम) आमगांव ने खराब सिमेंट सड़कों की जांच की, लेकिन वह रिपोर्ट दो महीने से क्यों ढेर में है? किसके दबाव में इसे छिपाया जा रहा है? यह सवाल लोग पूछ रहे हैं।

### लघु पाटबंधारे विभाग का सबक..

नाला वाल वाल के कामों की जांच के साफ आदेश के बावजूद, लघु पाटबंधारे विभाग ने मामूली जांच करने की भी जहमत नहीं उठाई। क्या यह वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की खुली अनदेखी नहीं है?

### डॉक्यूमेंट्री डेवलपमेंट - असलियत में करप्शन!

पिछले कुछ सालों में पेड़ लगाने, बांस लगाने, स्व्हऋश्र्व के तहत पांदन रोड, पत्थर लगाने, सीमेंट रोड, गट्टू लगाने और 'हर घर जल' वॉटर सप्लाई स्कीम के सभी कामों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई हैं। फर्जी अटेंडेंस शीट का इस्तेमाल करके फंड हड़पे गए। स्व्क्र रिपोर्ट और टेक्निकल टेस्टिंग को पूरी तरह नज़रअंदाज़ करके घटिया काम को मंजूरी दी गई। शिकायत करने वाले के मुताबिक, घोटाला 10 से 15 गुना ज़्यादा, यानी करोड़ों का होने की संभावना है।

### एक स्टेट लेवल कमेटी से जांच करवाई जाए..

पीजी पोर्टल पर की गई शिकायत बिना किसी जांच के बंद कर दी गई। अपील के बाद फिर से जांच शुरू की गई, लेकिन रिपोर्ट जमा करने में 3 महीने लग गए। अखबार में खबर छपने और ष्ट्रश्व्र को लेटर देने के बाद 20 मार्च को क्तत. पोर्टल पर रिपोर्ट जमा की गई, जो भ्रष्टाचार को दबाने की कोशिश है। पीडब्लूडी की जांच रिपोर्ट अभी भी जमा नहीं की जा रही है। मेरी मांग है कि इस मामले की स्टेट लेवल की इंडिपेंडेंट कमेटी से हाई लेवल पर जांच हो, दोषियों के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हों और उनसे 5 गुना रकम वसूली जाए। जब तक गांव को इंसाफ नहीं मिल जाता, हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

### बोले छगनलाल भेंदे..

**शिकायतकर्ता, बाम्हनी छगनलाल भेदे ने कहा कि बाम्हनी के लोगों में बहुत गुस्सा है क्योंकि एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम की भ्रष्ट लोगों के साथ मिलीभगत की तस्वीर साफ हो गई है। क्या सरकार अब जांच के दौरान क्वालिटी और टेक्निकल स्टैंडर्ड का उल्लंघन करने वाले दोषी इंजीनियरों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, या यह मामला एक बार फिर 'सार्थक' समझौते में दब जाएगा? पूरा जिला इस पर ध्यान दे रहा है।**

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है..
गोंदिया जिले के गोरेगांव हॉस्पिटल गोरेगांव में अनुभवी नर्सेस की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन..। संपर्क करें..
मो. 9765864697

SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर
SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182-231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

## दो मोटर सायकल की भिडंत, 1 जखमी, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/1/2026 के 3 बजे के दरम्यान तिरोडा मे महीला फर्यादी अपने भाई को छोडने अपनी प्लेझर एम एच 35 ठ 6990 गाडी से रेल्वे स्टेशन गई। उसे छोड़कर वापस आते समय सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एम एच 35 ,9318 के चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर ठोस मारकर महिला फर्यादी को जखमी करने से दिये शिकायत पर मोटरसायकल चालक के खिलाफ पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 324/2026 धारा 281,125, ब, भान्यास सहकलम 184,134, अ, ब, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा ब्रिजेश मडावी पोस्टे तिरोडा कर रहे है।***

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### अज्ञात फोर विलर के चपेट में आने से मोटरसायकल चालक जखमी..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/3/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान कटंगी मे सावन रविन्द्र मेश्राम उम्र 33 वर्ष निवासी सिलेगाव अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 एम 5284 से गोरेगाव कुऱ्हाडी जाते समय अज्ञात फोर विलर वाहन चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर मोटरसायकल को ठोस मारी चालक गंभीर जखमी हुवा, अज्ञात फोरविलर चालक घटना स्थल से फरार हो गया। फर्यादी के दिये बयान पर अज्ञात फोरविलर चालक के खिलाफ पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 173/2026 धारा 281,125, अ,125, ब, भान्यास 2023 सहकलम 134, ब,184, मोवाका के तहत मामला दर्ज कर जांच पोहवा गौरीशंकर कोरे 1642 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

### उपचार करने नागपुर गई महिला के घर हुई चोरी, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/3/2026 से दिनांक 22/3/2026 के दरम्यान महिला फर्यादी निवासी तिरोडा अपने उपचार के लिये नागपुर गई थी। उपचार कराकर वापस तो दे खा की मकान का ताला टुटा हुवा था। और अंदर जाकर देखा तो अलमारी के लॉकर मे रखे 500,200, के नोट 25 हजार रुपये, और चांदी के गहने किमत 10 हजार कुल 35 हजार रुपये का माल चोरी होने से अज्ञात चोर के खिलाफ पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 325/2026 धारा 331,3,331,4,305,1, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी कवडे पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### रेल्वे परिसर में मिली अज्ञात व्यक्ती की लाश, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 22/3/2026 के रात मे रेल्वे के आर ओ आर लाईन संख्या 1004/3 आर 3 सुर्याटोला के पास अज्ञात पुरुष अंदाजन उम्र 58 वर्ष मृत अवस्था मे मिलने से रेल्वे स्टेशन प्रबंधक मध्य गोंदिया के मेमो पर पोस्टे रामनगर मे अकस्मात मौत क्रमांक 05/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच मपोहवा दसरे 1467 पोस्टे रामनगर कर रहे है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया

मो. 9922607145

जग प्रेरणा

# गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव

1 महावीर कॉम्पलेक्स

एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास

2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट

2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..

संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## गोंदिया जिले की 69 ग्राम पंचायतों में उपचुनावों का कार्यक्रम घोषित..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*राज्य चुनाव आयोग द्वारा 17 मार्च, 2026 को जारी पत्र के अनुसार, राज्य की ग्राम पंचायतों में सदस्यों या सीधे चुने गए सरपंचों की मृत्यु, इस्तीफे, अयोग्यता या अन्य कारणों से रिक्त हुई सीटों के लिए—पारंपरिक तरीके से आयोजित होने वाले—उप-चुनावों का कार्यक्रम घोषित कर*

दिया गया है। तदनुसार, गोंदिया जिले की आठ तालुकों में फैली कुल 69 ग्राम पंचायतों–जिन्हें विशेष रूप से ग्राम पंचायत-वार आधार पर चिन्हित किया गया है जिसमें उप-चुनावों के लिए एक चुनाव कार्यक्रम लागू किया जाएगा। इन उप-चुनावों के लिए निर्धारित ग्राम पंचायतों में, 17 मार्च, 2026 से लेकर चुनाव परिणामों की घोषणा होने तक, आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी।




### यह है चुनावी कार्यक्रम..

दी गई जानकारी अनुसार तहसीलदार द्वारा चुनाव सूचना प्रकाशित करने की तिथिः 30 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है। नामांकन पत्र आमंत्रित करने और जमा करने की तिथियाँ 7 अप्रैल, 2026 से 13 अप्रैल, 2026 तक (शनिवार और रविवार को छोड़कर), सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक। नामांकन पत्रों की जाँच (स्क्रूटनी) की तिथिः 15 अप्रैल, 2026, सुबह 11:00 बजे से शुरू होकर जाँच प्रक्रिया पूरी होने तक जारी रहेगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथिः 17 अप्रैल, 2026, दोपहर 3:00 बजे तक। चुनाव चिह्न आवंटन और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित करने की तिथिः 17 अप्रैल, 2026, दोपहर 3:00 बजे के बाद। मतदान की तिथिः 28 अप्रैल, 2026, सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक (नक्सल प्रभावित और दूरदराज के क्षेत्रों–जैसे गढ़चिरौली और गोंदिया जिले–के लिए सुबह 7:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक)। वोटों की गिनती और परिणामों की घोषणा की तिथिः 29 अप्रैल, 2026 (वोटों की गिनती का स्थान और समय तहसीलदार द्वारा निर्धारित किया जाएगा, जो जिला कलेक्टर की मंजूरी के अधीन होगा)।(यह तदनुसार ही रहेगा।) जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा चुनाव परिणामों से संबंधित अधिसूचना के प्रकाशन की अंतिम तिथि 6 मई, 2026 है। यह जानकारी उप कलेक्टर (सामान्य) मानसी पाटिल द्वारा दी गई है।

### गोंदिया में डॉ. आंबेडकर जयंती की भव्य तैयारी

## एड. सत्यप्रकाश, महेंद्र सिंह लोधी और आएंगे राजकुमार भाटी, मुंबई के जय ऑर्केस्ट्रा की भी होगी संगीत प्रस्तुति

### 5 दिवसीय कार्यक्रमो के साथ होंगे भव्य आयोजन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर गोंदिया में भव्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी महीने यह कार्यक्रम 11 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 अप्रैल को सम्पन्न होगा। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।*

14 अप्रैल को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में दिल्ली के सर्वोच्च न्यायालय के एडवोकेट सत्यप्रकाश गौतम तथा मध्यप्रदेश के महेंद्रसिंह लोधी मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन करेंगे। वहीं 15 अप्रैल को आयोजित कैडर कैंप में उत्तर प्रदेश के फुले-शाहू-आंबेडकरी विचारधारा के वरिष्ठ चिंतक राजकुमार भाटी मार्गदर्शन करेंगे। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति के अध्यक्ष अरविंद भावे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जयंती कार्यक्रम की तैयारियों में कार्यकर्ता जुट गए हैं। यह कार्यक्रम नगर परिषद सुभाष विद्यालय के मैदान में आयोजित किया जाएगा। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर 11 अप्रैल को सुबह भीमनगर से रैली निकाली जाएगी, जिसका समापन मरारटोली में होगा। 12 अप्रैल को जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे। 13 अप्रैल की मध्यरात्रि में पटाखों की लड़ियां जलाकर आतिशबाजी की जाएगी। इसके पश्चात 14 अप्रैल को सुबह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से रैलियां निकाली जाएंगी तथा फुले-शाहू-आंबेडकरी विचारधारा पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के सामाजिक कार्यकर्ताओं का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया जाएगा। इस दौरान एड. सत्यप्रकाश तथा इंजीनियर महेंद्रसिंह लोधी मार्गदर्शन करेंगे।

15 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के फुले-शाहू-आंबेडकरी विचारक राजकुमार भाटी प्रबोधन करेंगे। साथ ही मुंबई के जय ऑर्केस्ट्रा द्वारा भीम-बुद्ध गीतों की शानदार संगीत प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान जयंती समिति के अध्यक्ष अरविंद भावे, उपाध्यक्ष दिनेश उके, कार्याध्यक्ष प्रा. रितेश चौरावार, प्रा. डॉ. अश्विन खांडेकर, राजश्री पुंजेकर, कोषाध्यक्ष किशोर रामटेके, सचिव अंकुर गजभिये , विलास वासनिक, पंकज वासनिक, पृथ्वीराज कोल्हटकर द्वारा किया गया।

## पट्टा वितरण के लिये नगर सेवक रिंकू आसवानी ने माना विधायक विनोद अग्रवाल का आभार..

### कहा.. विधायक विनोद अग्रवाल ने निरंतर परिश्रम कर पट्टा वितरण का मार्ग प्रशस्त किया..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*आजादी के बाद जब देश का बंटवारा हुआ, तब भारत में बसने वाले सिंधी समाज के प्रति तत्कालीन सरकार ने संवेदनशीलता तो दिखाई, लेकिन सिंधी समाज के लोगों को जायज अधिकार नहीं दिये। वर्षों से भारत में रहकर*

भारत की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने वाला सिंधी समाज गोंदिया ओर पुरे महाराष्ट्र में खुद को शोषित महसुस कर रहा था, जो जमीनें सरकार ने दी थी, उन जमीनों पर मालिकाना हक से सिंधी समाज के लोग वंचित थे, ऐसी स्थिति में अनेक वर्षों से कांग्रेस सरकार से मांग की गई, लेकिन कांग्रेस सरकार और उनके नेताओं ने कोई ध्यान नहीं दिया। जबकि गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल बने, तो उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से फाईलों को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार का तथा राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे का ध्यान आकर्षित कराया, तथा निरंतर कार्य को अंजाम तक पहुंचाने के लिये लगे रहे, जिसका परिणाम है कि विधायक विनोद अग्रवाल के कठिन परिश्रम की बदौलत सिंधी समाज के लोगों की वर्षों पूरानी लंबित मांग अब पूरी हो पाई है। रिंकू आसवानी ने कहा कि वे नगर सेवक के रुप में अपने समाज और अपने प्रभागवासियों की ओर से विधायक विनोद अग्रवाल के प्रति आभारी हैं, जिन्होंने सर्वे कराया, और शासन से समन्वय स्थापित करके वर्षों से निवासरत सिंधी समुदायक के लोगों को उनका अधिकार प्रदान किया।

**रिंकू आसवानी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि विधायक विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में गोंदिया का सर्वांगीण विकास आगे भी होता रहेगा, और इस गोंदिया की तस्वीर बेहतर बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जायेगी।**

## डॉ. आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति की ओर से ईद-उल-फितर पर किया गया पर शरबत वितरण



जगप्रेरणा गोंदिया।

*डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति की ओर से ठंडा पेय (शरबत) वितरित कर मुस्लिम भाइयों को ईद-उल-फित्तर की शुभकामनाएं दी गईं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष श्री अरविंद भावे के हाथों किया गया।*

उन्होंने मुस्लिम भाइयों को शरबत वितरित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर बोलते हुए श्री भावे ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में भाईचारा बढ़ता है और आपसी संबंध मजबूत होते हैं। भारतीय संविधान समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय के मूल्यों का समर्थन करता है। इसलिए ऐसे आयोजन देश में समानता की भावना को मजबूत करने और संविधान आधारित भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे।

**इस मौके पर समिति के कार्यकर्ता अंकुर गजभिये, विलास वासनिक, पंकज वासनिक, छोटू बोरकर, संजय वाहने, मच्छिंद्र भेलावे, डॉ. राजेश उके, नूरलाल ओके, सुशील गणवीर, संतोष शामकुवर, सुनील, अनंत टेंभुर्कर, अशोक कांबले, एन. एल. मेश्राम, नरेंद्र मेश्राम, एड. एकता गणवीर, एड.अंजली चव्हाण, धनंजय मेश्राम, सुनील मेश्राम, सुनील डोंगरे, जी. एल. तिरपुडे, पृथ्वीराज कोल्हटकर आदि उपस्थित थे और उन्होंने सहयोग किया।**

## माउंट लिटरा झी स्कूल, गोंदिया के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड परीक्षा में हासिल की शानदार सफलता..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*एस.एस.ए. एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित माउंट लिटरा झी स्कूल गोंदिया के कक्षा आठवीं के छात्र अंश कमलेश*

तलरेजा ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल गणित ओलंपियाड सत्र 2025-26 में 60 में से 57 अंक (95 प्रतिशत) प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की। अंश ने गणित ओलंपियाड में क्षेत्रीय स्तर पर ग्यारहवाँ व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पंद्रहवाँ स्थान हासिल कर उपहार स्वरूप, विशिष्टता स्वर्ण पदक, विशिष्टता प्रमाण पत्र प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवाविंत किया। उसी प्रकार कक्षा पहली से सृष्टि पंकज नेवारे, जीवांश नितिन लोखंडे, अर्णव मदनलाल नारबोड़े, तितिक्षा मनीष मिसाल कक्षा दूसरी से नित्या शैलेश टेंभरे कक्षा तीसरी से अद्विक रंजीत मेश्राम, जेनिथ खेमेन्द्र बोपचे, आयुष दिलीप मिश्रा कक्षा चौथी से साची पवन कुमार भगत, लहर गुणेश कावडे, युवराज वासुदेव मूलचंदानी कक्षा पांचवी से वैदेही मधुर मेश्राम कक्षा छठवीं से मनन दीपक डोंगरे, परिधि प्रेम सिंह पहरीले, कृषि विजय कुमार ठाकरे कक्षा सातवीं से शताक्षी गुणेश कावड़े, कक्षा आठवीं से युग संतोष रहांगडाले, आर्श सतीश बिसेन कक्षा नौवीं से जय सुनील कटरे कक्षा दसवीं से हर्ष मुकुल रहांगडाले उल्लेखनीय सफ्लता हासिल कर उत्कृष्टता स्वर्ण पदक व उत्कृष्टता प्रमाण पत्र हासिल कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट सफ्लता का श्रेय अपने पालकों तथा शिक्षकवृंद को दिया। यह उल्लेखनीय है कि माउंट लिटरा झी स्कूल, गोंदिया विद्यालय के विद्यार्थी प्रतिवर्ष ओलंपियाड परीक्षा में सहभाग लेकर अपनी शानदार सफ्लता का परचम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फ्हराते हैं। इस उपलब्धि के लिए स्कूल के संचालक नितिश अग्रवाल, ललित अग्रवाल, संचालिका निशि अग्रवाल, प्राचार्य जितेंद्र तलरेजा तथा संपूर्ण शिक्षकवृंद ने सभी सफ्ल विद्यार्थियों और उनके पालकों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी।

### श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर

## श्री राम जन्मोत्सव समिति और नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे व पार्षदों की बैठक संपन्न..

### श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को भव्य बनाने की गई चर्चाए..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर में श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा 37 वर्षो से प्रभु श्री राम की जन्म उत्सव पर भव्य शोभायात्रा एवं बाइक रैली का आयोजन किया जाता है। इसी संदर्भ में इस वर्ष गोंदिया शहर के नगर परिषद में निर्वाचित हुए शहर के गणमान्य नगर सेवकों का श्रीराम*

जन्मोत्सव समिति द्वारा भगवामय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसी के साथ्न उपस्थित सभी नगरसेवकों से निवेदन किया गया कि जिस -जिस चौराहे से राम जी की भव्य शोभायात्रा निकलती है, उन चौराहों पर उनके स्वागत, सत्कार एवं वंदनवार की तैयारी में सभी नगरसेवक (पार्षद) सहयोग प्रदान करे। साथ ही नागरिकों की सुरक्षा, शहर की सफाई और शहर के सुंदरता पर विशेष ध्यान देने के लिए नगर परिषद के अध्यक्ष सचिन शेंडे से निवेदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद के अध्यक्ष सचिन शेडे, उपाध्यक्ष संतोष पटले, बांधकाम सभापति पिंटू माने, महिला बाल कल्याण सभापति श्रीमती शिखा सोनपूरे, पार्षद शिव शर्मा, पंकज यादव, सुनील भालेराव, घनश्याम पानतवने, अजय यादव, लोकेश यादव, संजीव राय, संजय कुलकर्णी, विवेक मिश्रा, शिशिर बिसेन, रूपेश नसीने, कैलाश यादव, श्रीमती सीमा अग्रवाल, श्रीमती संगीता गुप्ता, श्रीमती शीलू राकेश ठाकुर, सौ. दुर्गा तिवारी, संध्या यादव, नेहा नायक, सीमा खवास, अमर रंगारी, विजय रगड़े आदि उपस्थित थे।

### बोले हेमेन्द्र पोद्दार..

श्री राम जन्मोऊत्सव समिति के अध्यक्ष हेमेंद्र पोद्दार ने इस अवसर पर कहा कि हमारा नगर वासियों से निवेदन है कि विविध प्रकार की दिव्य झांकियां द्वारा शोभायात्रा नगर में भ्रमण करने वाली है। इस वर्ष विशेष आकर्षण के रूप में आंबेडकर चौक से जयस्तंभ चौक तक भव्य आतिशबाजी के साथ राम जी की शोभायात्रा नगर में भ्रमण करेंगी। शहर वासियों से निवेदन है कि आप सभी बढ़-चढ़कर इस शोभायात्रा में हिस्सा ले। वहीं श्री पोद्दार ने यह भी बताया कि 25 मार्च को भव्य बाईक रैली सुबह 9:30 बजे रामनगर राम मंदिर से निकाली जायेगा, वहीं 26 मार्च को दोपहर 12:00 बजे रामजन्मोत्सव की विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। सभी कार्यक्रमों में नगर की जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नितिन जिंदल ने एवं आभार प्रदर्शन दीप्ति मिश्रा ने किया। इस अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष हेमेंद्र पोद्दार, कार्यकारी अध्यक्ष स्नेहल पटेल, संयोजक नितिन जिंदल, सीए राजेश व्यास, आशित अग्रवाल, नागेश दुबे, जय चौरसिया, श्रीमती दीप्ति मिश्रा, दीप्ति तावाड़ेताई, श्रीमती सुषमा यदुवंशी, श्रीमती रीता अरोड़ा, उपेंद्र लांजेवार, गोलू डोहरे, अंकित तिवारी, गोल्डी गावंडे, रॉकी नायक, सचिन बदे, अप्पू तिवारी, रंजीत ठाकुर, शरद काकर्तानी उपस्थित थे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com